संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शनिवार 20 जून 2026 ₹ 2 | www.actionindialive.com | Facebook.com/actionindialivee

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्ष: 20 अंक: 171 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनपद अयोध्या में रामलला के दर्शन पूजन करते हुए।

# तीन साल में अपराधी को सजा तक पहुंचाने वाली व्यवस्था बनाना लक्ष्य : अमित शाह

**न्याय प्रणाली**

**वर्ष 2019 में आपराधिक न्याय प्रणाली में व्यापक बदलाव लाने का अभियान शुरू किया गया था**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि देश की आपराधिक न्याय प्रणाली को ऐसा प्रभावी माध्यम बनाया जाना चाहिए, जो प्रत्येक नागरिक को संविधान प्रदत्त अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित कर सके। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति के शरीर, संपत्ति या सम्मान से जुड़े अधिकारों का उल्लंघन होता है और वर्षों तक अपराधी को दंड नहीं मिलता, तो ऐसी व्यवस्था न्यायसंगत नहीं कही जा सकती। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के सरदार वल्लभभाई पटेल सभागार में आयोजित 26वें अखिल भारतीय फिंगरप्रिंट सम्मेलन-2026 को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि वर्ष 2019 में आपराधिक न्याय प्रणाली में व्यापक बदलाव लाने का अभियान शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य कानूनों को आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप बनाना, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को जांच प्रक्रिया का अनिवार्य हिस्सा बनाना तथा एफआईआर से लेकर अपराधी को दोषसिद्ध कराने तक की प्रक्रिया को तीन वर्ष के भीतर पूरा करना है। उन्होंने कहा कि देश वर्तमान में आपराधिक न्याय प्रणाली के परिवर्तन काल से गुजर रहा है। पहले थाना केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने का माध्यम माना जाता था, लेकिन समय के साथ उसकी भूमिका अपराध नियंत्रण और जांच-पड़ताल तक विस्तारित हुई। अब आवश्यकता इस बात की है कि पूरी न्याय प्रणाली नागरिकों के अधिकारों की रक्षा का प्रभावी साधन बने। गृहमंत्री ने राष्ट्रीय स्वचालित फिंगरप्रिंट पहचान प्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि इसके जरिए कई जटिल मामलों को सुलझाने में सफलता मिली है, लेकिन इसका उपयोग अभी भी संभावित क्षमता का केवल 10 प्रतिशत ही हो रहा है।

## फास्ट न्यूज

### भ्रामक दावों पर एफएसएसएआई सख्त, कई फूड बिजनेस ऑपरेटर को नोटिस

**नई दिल्ली।** खाद्य उत्पादों की पैकेजिंग पर किए जा रहे भ्रामक दावों पर सख्ती करते हुए भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने कई खाद्य कंपनियों को नोटिस जारी किया है। प्राधिकरण ने शुक्रवार को बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के उल्लंघन के मामले में संबंधित कंपनियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इन कंपनियों पर भ्रामक ब्रांड नाम, ट्रेड नेम और उत्पाद संबंधी दावों के साथ-साथ लेबलिंग नियमों के उल्लंघन और उपभोक्ता शिकायतों से जुड़े आरोप हैं। नियामक संस्था ने सभी संबंधित एफबीओ को आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने और निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इन कंपनियों में प्लक्क मैंगो फ्रूट जूस, नेचुरल पनीर, सफोला टोटल हर्ट, गौर हेल्दी फूड सिलकन टोफू, रैमन नूडल्स, फेरेरो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड-किंडर जॉय शामिल है। एफएसएसएआई ने कहा कि उपभोक्ताओं को सही और पारदर्शी जानकारी उपलब्ध कराना खाद्य कारोबारियों की जिम्मेदारी है। प्राधिकरण ने कंपनियों को आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। एफएसएसएआई ने प्लक्क मैंगो फ्रूट जूस के विज्ञापन और लेबलिंग पर आपत्ति जताई है। उत्पाद पर नो एडेड शुगर का दावा किया गया है, जबकि इसकी सामग्री में 51 प्रतिशत आम का गूदा और 49 प्रतिशत गन्ने का रस बताया गया है। इससे उपभोक्ताओं को उत्पाद में मौजूद शुगर की मात्रा को लेकर भ्रम हो सकता है।

### नीरज चोपड़ा बने आईओए के एंटी-डोपिंग अभियान का चेहरा

**नई दिल्ली।** भारत के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने भारतीय खेलों को डोपिंग मुक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के साथ मिलकर एक विशेष जागरूकता अभियान की शुरूआत की है।

**विकसित भारत रोजगार योजना ने 70 लाख जॉब दिए, भविष्य की वर्कफोर्स तैयार हो रही**

# प्रधानमंत्री मोदी ने 15 लाख युवाओं को 2400 करोड़ दिए

**औद्योगिक क्लस्टर**

**इंटेंसिव ट्रांसफर करने का कार्यक्रम देशभर के 200 औद्योगिक क्लस्टर में हुआ**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत 15 लाख से ज्यादा लाभार्थियों को 2400 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि दी। यह राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिए खातों में भेजी गई। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में हुए इस इवेंट में प्रधानमंत्री ने युवाओं और उन्हें नौकरियां देने वाले उद्यमियों से संवाद भी किया। पीएम बोले कि यह योजना पहली बार नौकरी खोजने वाले युवाओं और इंडस्ट्री के बीच एक पुल का काम करती है। इसके जरिए हम भविष्य के लिए एक मजबूत वर्कफोर्स तैयार कर रहे हैं।

इंटेंसिव ट्रांसफर करने का कार्यक्रम देशभर के 200 औद्योगिक क्लस्टर में हुआ। इस कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र भी बांटे गए, क्योंकि नए लेबर कोड के तहत अपॉइंटमेंट लेटर देना अनिवार्य है। गौरतलब है कि सरकार ने कुल 99,446 करोड़ रुपए का बजट रखा है। इसके तहत 2 साल में 3.5 करोड़ नौकरियां पैदा करने का लक्ष्य रखा है। पीएम ने कहा कि मैं कुछ ही घंटे पहले फ्रांस और स्लोवाकिया की यात्रा से आया हूं और जी7 में विकसित देशों के दिग्गज नेताओं से मिला हूं दुनिया आज भारत की युवा शक्ति की चर्चा कर रही है। भारत के टैलेंट, स्किल और सशक्त की चर्चा सब दूर तक हो रही है। पीएम ने कहा कि हमारी कोशिश है कि भारत का युवा अपनी क्षमता को अवसर में बदल सके और इसी सोच के साथ पीएम विकसित भारत रोजगार योजना शुरू हुई है। यह बहुत आगे बढ़कर पहली नौकरी पाने वाले युवा के सपनों को शक्ति देनी वाली योजना है। करीब 2 मिलियन युवाओं ने अपनी पहली नौकरी में छह महीने पूरे कर लिए हैं, और आज, इनमें से करीब 1 मिलियन युवाओं को अपनी पहली नौकरी में छह महीने पूरे करने के बाद इस स्कीम के बेनिफिशियरी के तौर पर इंसेंटिव मिला है। एक समय था जब देश में केवल 500 के करीब स्टार्टअप थे। आज, 2 लाख से ज्यादा रजिस्टर्ड स्टार्टअप हैं, और वे देश के हर जिले में मिल जाएंगे। ये आंकड़े भरोसा दिलाते हैं कि आने वाले वर्षों में भारत के युवा दुनिया की ग्रोथ, इनोवेशन और एंटरप्रेन्योरशिप का नेतृत्व करेंगे। दुनिया भविष्य की तकनीक की ओर बढ़ रही है, और भारत अपने युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करने का काम कर रहा है। यह भारत के युवाओं के लिए सबसे बड़ा अवसर है, और हमें इस अवसर का पूरा लाभ उठाना चाहिए।

**पीएम-विकसित भारत रोजगार योजना की विशेषताएं**

पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों को 15,000 रुपए तक दिए जाते हैं।

नियोक्ताओं को भी इस योजना के तहत प्रति नए कर्मचारी तहत हर महीने 3,000 रुपए तक मिलते हैं।

रोजगार को बढ़ावा देने के लिए योजना के तहत चार साल तक के लिए अतिरिक्त लाभ दिए जा रहे हैं।

अगस्त 2025 से पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों को औपचारिक वर्कफोर्स में शामिल किया गया है। इसमें 30 प्रतिशत महिलाएं हैं।

योजना के तहत लाभ पाने वाले 80 प्रतिशत से ज्यादा संस्थान छोटे उद्यम हैं जिनमें 25 से कम कर्मचारी हैं।

**मैक्रों ने हिंदी में कहा- भारत-फ्रांस की दोस्ती अमर रहे: मित्र नरेंद्र, आपका स्वागत करके बहुत खुशी हुई; पीएम मोदी दिल्ली पहुंचे**

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए हिंदी में वीडियो मैसेज शेयर किया है। उन्होंने कहा- प्रिय मित्र नरेंद्र, आपका नीस, एवियन और पेरिस के दौरे में स्वागत करते हुए मुझे बहुत खुशी हुई। फ्रांस और भारत की दोस्ती अमर रहे। वहीं, फ्रांस से रवाना होने के बाद मोदी ने पर लिखा- यह यात्रा सहभागिता और उपलब्धियों दोनों के लिहाज से व्यापक रही।



राहुल 56 साल के हुए, कांग्रेस मुख्यालय में जन्मदिन मनाया: प्रियंका और खड़गे के साथ केक काटा; कार्यकर्ताओं ने पोस्टर को दूध से नहलाया।

### एचएसएससी ने जारी किया पीएमटी का नया शेड्यूल

**चंडीगढ़।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने विभिन्न विभागों के पदों के लिए आयोजित किए जाने वाले फिजिकल मेजरमेंट टेस्ट (पीएमटी) का नया शेड्यूल जारी कर दिया है। आयोग ने विज्ञापन संख्या 13/2024, 01/2026, 02/2026 और 04/2026 के तहत शॉर्टलिस्ट किए गए पुरुष अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा कार्यक्रम घोषित किया है। यह कार्यक्रम आयोग द्वारा 17 अप्रैल, 10 जून और 15 जून 2026 को जारी सार्वजनिक सूचनाओं की निरंतरता में जारी किया गया है।आयोग के अनुसार, पीएमटी का आयोजन 22 जून से 27 जून 2026 तक विभिन्न बैचों में किया जाएगा। अभ्यर्थियों को निर्धारित समय से पहले परीक्षा स्थल पर पहुंचना अनिवार्य होगा। प्रथम बैच के लिए सुबह 7 बजे, दूसरे बैच के लिए 9 बजे, तीसरे बैच के लिए 11 बजे और चौथे बैच के लिए दोपहर 1 बजे के बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

### पासपोर्ट सेवा तेज, सुलभ और वास्तव में लोकतांत्रिक बन चुकी है: विदेश मंत्री



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शुक्रवार को क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारियों के वार्षिक सम्मेलन में कहा कि आज पासपोर्ट सेवा तेज, सुलभ और वास्तव में लोकतांत्रिक बन चुकी है। उन्होंने कहा कि विश्वभर में भारतीय प्रतिभा की मांग और प्रतिष्ठा तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में सुगम और प्रभावी पासपोर्ट सेवाएं एक समृद्ध, वैश्विक रूप से जुड़े विकसित भारत की महत्वपूर्ण आधारशिला बनेंगी। जयशंकर ने कहा कि भारत की विदेश नीति देश को विश्व बंधु के रूप में स्थापित कर रही है। इसके कारण भारतीय पासपोर्ट को दुनिया भर में सम्मान और विश्वास के साथ देखा जाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पासपोर्ट प्राप्त करना संघर्ष का विषय नहीं बल्कि नागरिकों का अधिकार होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में पासपोर्ट जारी करने का आंकड़ा 138 लाख से अधिक पहुंच गया है। यह भारतीय नागरिकों की बढ़ती आकांक्षाओं और वैश्विक अवसरों की ओर उनके बढ़ते कदमों को दर्शाता है।

### नीट की 21 जून को होने वाली दोबारा परीक्षा स्थगित कराने उम्मीदवार पहुंचे सुप्रीम कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** नीट की 21 जून को होने वाली दोबारा परीक्षा के खिलाफ करीब 1600 से ज्यादा छात्रों ने उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। इन छात्रों ने दोबारा हो रही परीक्षा को कुछ समय के लिए स्थगित करने की मांग की है। हालांकि, चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली वेकेशन पीठ ने कहा कि इस मसले पर जस्टिस पीएस नरसिम्हा की पीठ पहले से सुनवाई कर रही है इसलिए वही पीठ जुलाई में सुनवाई करेगी। सुनवाई के दौरान छात्रों की ओर से वकील अदील अहमद ने कहा कि पेपर लीक की खबरों और सोशल मीडिया पर फैली अफवाहों के कारण अभ्यर्थी भारी मानसिक दबाव में हैं। परीक्षा के ठीक पहले अभ्यर्थी वेबसाइट क्रैश होने की वजह से नीट का एडमिट कार्ड भी डाउनलोड नहीं कर पा रहे हैं।

## जो रामलला के दर्शन करने नहीं आए, वे रामभक्ति की बात कर रहे: योगी

**साधा निशाना**

**अयोध्या धाम व श्रीराम जन्मभूमि को बदनाम करने की सुनियोजित साजिश: सीएम योगी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**अयोध्या:** मणिरामदास छावनी के महंत एवं श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास जी महाराज के 88वें जन्मोत्सव समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र को लेकर विपक्ष को आड़े हाथ लिया। किया। उन्होंने कहा कि जो लोग कभी अयोध्या में रामलला के दर्शन तक करने नहीं आए, वे आज रामभक्ति की बात कर रहे हैं! अयोध्या धाम, श्रीराम जन्मभूमि और उसकी परंपरा को बदनाम करने की सुनियोजित साजिश चल रही है। एसआईटी दूध का दूध और पानी का पानी कर देगी। राष्ट्रविरोधी शक्तियों के मंसूबे सफल नहीं होने दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब-जब भारत ने किसी भी कालखंड में सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने का प्रयास किया, तब-तब राष्ट्रविरोधी शक्तियों की नींद हराम हुई और इन लोगों ने देश को कमजोर करने तथा विकास की गति बाधित करने के लिए विभिन्न प्रकार के षड्यंत्र रचने शुरू कर दिए।

### प्रधानमंत्री 20-21 जून को पश्चिम बंगाल दौरे पर, पीएम-किसान की 23वीं किस्त जारी करेंगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20 और 21 जून को पश्चिम बंगाल के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह हुगली जिले में पश्चिम बंग दिवस समारोह में भाग लेंगे, विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे, किसानों के लिए कई केंद्रीय कृषि योजनाओं की शुरूआत करेंगे तथा 21 जून को कोलकाता में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह का नेतृत्व करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार 20 जून को प्रधानमंत्री हुगली जिले के तारकेश्वर में आयोजित पश्चिम बंगाल दिवस समारोह में शामिल होंगे। इस अवसर पर वह रेलवे, कृषि, ग्रामीण विकास, मत्स्य पालन और पशुपालन क्षेत्रों से जुड़ी कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

*स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की: राज्य सरकार आधुनिक चिकित्सा मशीनरी और उपकरणों की खरीद पर लगभग 3,000 करोड़ रुपये खर्च कर रही*

## सुपर-स्पेशियलिटी चिकित्सकों को दिया जाएगा नॉन-प्रैक्टिसिंग अलाउंस : मुख्यमंत्री

**गुणवत्तापूर्ण**

**राज्य सरकार प्रदेश के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध: सीएम**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पंकज शर्मा**
**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए राज्य सरकार सुपर-स्पेशियलिटी चिकित्सकों को नॉन-प्रैक्टिसिंग अलाउंस प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री गत सांय स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है और स्वास्थ्य क्षेत्र के विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े तीन वर्षों में स्वास्थ्य अवसंरचना और सेवाओं को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की हैं, जिनके सकारात्मक परिणाम अब सामने आने लगे हैं। श्री सुक्खू ने कहा कि स्वास्थ्य सुधारों को लेकर सरकार ने चिकित्सकों के साथ विस्तृत चर्चा की है। आने वाले महीनों में वह स्वयं विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों का दौरा करेंगे और चिकित्सकों से संवाद कर स्वास्थ्य क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण और आधुनिकीकरण की रूपरेखा तैयार करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों को पर्याप्त स्टाफ और अत्याधुनिक उपकरण उपलब्ध करवाकर उन्हें एम्स, नई दिल्ली के स्तर का बनाया जा रहा है।

राज्य सरकार आधुनिक चिकित्सा मशीनरी और उपकरणों की खरीद पर लगभग 3,000 करोड़ रुपये खर्च कर रही है। उन्होंने कहा कि जिन जिलों में मेडिकल कॉलेज नहीं हैं, वहां के क्षेत्रीय और जोनल अस्पतालों की सुविधाओं को भी उन्नत किया जा रहा है ताकि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य संस्थानों में डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ और तकनीशियनों की कमी को दूर करने के लिए भर्ती प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि सरकार के प्रयासों से पहली बार प्रदेश में रोबोटिक सर्जरी की सुविधा शुरू की गई है। पहले इस तरह की उन्नत चिकित्सा सुविधा प्राप्त करने के लिए लोगों को हिमाचल प्रदेश से बाहर जाना पड़ता था और काफी खर्च वहन करना पड़ता था। श्री सुक्खू ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों का वर्गीकरण जनसंख्या के आधार पर किया जाए ताकि वास्तविक आवश्यकता के अनुसार स्टाफ और आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें। इससे लोगों को उनके घरों के निकट ही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी।

## पैदल यात्रियों का फुटपाथ पर सुरक्षित चलना मौलिक अधिकार: सुप्रीम कोर्ट



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने एक अहम फैसले में कहा है कि फुटपाथ पर सुरक्षित चलना मौलिक अधिकार है। जस्टिस पीएस नरसिम्हा की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि नगर निगम, नगरपालिका और विकास प्राधिकरणों की जिम्मेदारी है कि वे सुरक्षित और स्पष्ट रुप से चिन्हित फुटपाथ उपलब्ध कराएं। अगर ऐसा नहीं किया जाता है, तो नागरिक संवैधानिक और कानूनी उपायों के जरिये मुआवजा मांग सकते हैं। कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वो पैदल यात्रियों के अधिकारों की रक्षा के लिए अलग कानूनी ढांचा तैयार करने पर विचार करें। कोर्ट ने सड़कों पर मोटर वाहनों की आवाजारी से पहले पैदल चलने वालों के अधिकारों को महत्व दिया जाना चाहिए। कोर्ट ने मोटर वाहन दुर्घटना से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान ये दिशा-निर्देश दिए। मामले में एक पिता ने अपने पांच साल के बेटे को खो दिया था। उच्चतम न्यायालय ने मुआवजे की रकम बढ़ाकर 11,44,628 रुपये करने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि तय फुटपाथ पर चलने के मौलिक अधिकार को बेहतर बनाने और लागू करने के लिए एक नियामक संस्था के गठन की जरुरत है।

# जन कल्याण शिविरों में पहले दिन 15,186 लोग पहुंचे

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा 18 से 20 जून तक आयोजित किए जा रहे जन कल्याण शिविरों को राजधानी के नागरिकों का उत्साहजनक समर्थन मिल रहा है। शिविर के पहले दिन 18 जून को राजधानी के 42 कल्याण शिविरों पर कुल 15,186 नागरिकों ने विभिन्न सरकारी योजनाओं, सेवाओं और अपनी समस्याओं के समाधान से संबंधित जानकारी प्राप्त की और आवश्यक प्रक्रियाओं में भाग लिया। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि जन कल्याण शिविरों के पहले ही दिन राजधानी के सभी क्षेत्रों में नागरिकों की उत्साहजनक भागीदारी देखने को मिली। 42 केंद्रों पर लोगों ने विभिन्न



सरकारी योजनाओं और सेवाओं की जानकारी प्राप्त की और अपनी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों से संपर्क किया। त्रिलोकपुरी स्थित सर्वोदय बाल विद्यालय केंद्र पर सर्वाधिक 1,280 नागरिक पहुंचे, जबकि ईस्ट लोनी रोड केंद्र पर 874 तथा सावित्री नगर केंद्र पर 841 नागरिकों की उपस्थिति दर्ज की गई। इसके अलावा नजफगढ़ स्टेडियम, गोयला डेयरी रोड और पालम कॉलोनी सहित अनेक केंद्रों पर भी उल्लेखनीय उपस्थिति दर्ज की गई। इंद्रपुरी केंद्र पर भी सैकड़ों नागरिकों ने पहुंचकर विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की और आवश्यक सहायता हासिल की। यह व्यापक जनभागीदारी दर्शाती है कि दिल्लीवासी घर के निकट उपलब्ध हो रही सरकारी सेवाओं और योजनाओं का लाभ लेने के लिए सक्रिय रूप से आगे आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले ही दिन बड़ी संख्या में दिल्लीवासी अपने घर के निकट सरकारी सेवाएं उपलब्ध होने से संतुष्ट हैं और इस पहल को सकारात्मक रूप से स्वीकार कर रहे हैं।

### लोगों ने शिविरों में मौके पर ही मार्गदर्शन और समाधान प्राप्त किया

नागरिक राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पेंशन, जल कनेक्शन, आधार पंजीकरण, ई-श्रम कार्ड, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित कार्यों के लिए शिविरों में पहुंचे। विभिन्न केंद्रों पर लोगों ने अपनी समस्याओं और आवश्यकताओं के अनुसार संबंधित विभागों के अधिकारियों से संपर्क किया और मौके पर ही मार्गदर्शन और समाधान प्राप्त किया। कई स्थानों पर नागरिकों ने योजनाओं के संबंध में जानकारी



प्राप्त करने के साथ-साथ आवश्यक आवेदन और पंजीकरण की प्रक्रिया भी पूरी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन शिविरों का उद्देश्य केवल सरकारी योजनाओं की जानकारी देना नहीं, बल्कि पात्र नागरिकों तक योजनाओं का वास्तविक लाभ पहुंचाना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है।

# सत्या शर्मा ने नागरिकों से अच्छे स्वास्थ्य के लिए योग से जुड़ें रहने की अपील की



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के मुख्यालय, सिविक सेंटर के प्रांगण में शुक्रवार को योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर निगम की इस वर्ष के योग दिवस की थीम 'योग फॉर हेल्दी एजिंग' है। इस अवसर पर एमसीडी की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा, एमसीडी में आयुष विभाग के निदेशक हरीश कश्यप एवं दिल्ली नगर निगम के अधिकारी उपस्थित रहे। योग सत्र का शुभारंभ प्रातःकाल सूर्य नमस्कार से हुआ, जिसके उपरांत विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान क्रियाएं कराई गईं।

अवसर पर स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने योगाभ्यास भी किया। इस अवसर पर स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने नागरिकों से अपील की कि वो अच्छे स्वास्थ्य के लिए योग से जुड़ें एवं अपने परिवारों को भी जोड़ें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अथक प्रयासों की वजह से योग को अंतरराष्ट्रीय

**योगाभ्यास**

**निगम योग के प्रचार एवं प्रसार के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है एवं नागरिकों के मध्य इसे लोकप्रिय बनाने के लिए प्रयासरत है**

पटल पर ख्याति मिली है एवं विश्व के 180 से भी ज्यादा देशों में योग को नई पहचान मिली है। सत्या शर्मा ने कहा कि योग हमारी संस्कृति एवं परंपरा से जुड़ा प्राचीन शास्त्र है। सभी रोजमर्रा की दिनचर्या का हिस्सा बना कर अपने स्वास्थ्य का अच्छे से ध्यान रख सकते हैं।

उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों में योग के प्रति जागरूकता फैलाना और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना था। उन्होंने कहा कि नगर निगम योग के प्रचार एवं प्रसार के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है एवं नागरिकों के मध्य इसे लोकप्रिय बनाने के लिए प्रयासरत है।

# नीट अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए चार परीक्षा स्पेशल ट्रेनों की अवधि बढ़ाई गई



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2026 की पुनर्परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए उत्तर रेलवे ने चार अनारक्षित परीक्षा स्पेशल ट्रेनों के संचालन की अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया है। ये विशेष रेलगाड़ियां अपने वर्तमान कोच संरचना, समय-सारिणी और निर्धारित ठहराव के साथ पूर्ववत संचालित होती रहेंगी। उत्तर रेलवे के अनुसार, रेलगाड़ी संख्या 04427 शकूरबस्ती-सहारनपुर जंक्शन अनारक्षित परीक्षा स्पेशल, जिसे पहले 20 जून तक अधिसूचित किया गया था, अब 21 जून तक एक अतिरिक्त फेरे के लिए संचालित की जाएगी।

**सुविधाएं**

**अनारक्षित परीक्षा स्पेशल की अवधि भी 20 जून से बढ़ाकर 21 जून तक कर दी गई है और यह एक अतिरिक्त फेरा लगाएगी**

इसी प्रकार रेलगाड़ी संख्या 04428 सहारनपुर जंक्शन-शकूरबस्ती अनारक्षित परीक्षा स्पेशल का संचालन 21 जून के स्थान पर 22 जून तक एक अतिरिक्त फेरे के लिए बढ़ाया गया है। रेलगाड़ी संख्या 04429 शकूरबस्ती-सहारनपुर जंक्शन अनारक्षित परीक्षा स्पेशल की अवधि भी 20 जून से बढ़ाकर 21 जून तक कर दी गई है और यह एक अतिरिक्त फेरा लगाएगी।

# एनडीएमसी के आठ प्रमुख स्थलों पर आठ योग संस्थाओं की सहभागिता से आयोजित होगा योग दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन हेतु एनडीएमसी क्षेत्र के आठ प्रतिष्ठित स्थलों पर व्यापक तैयारियों को अंतिम रूप दिया। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का विषय स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग निर्धारित किया गया। बढ़ती जनभागीदारी एवं व्यापक जनसंपर्क गतिविधियों के बीच 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय



योग दिवस के भव्य समारोह की तैयारियां पूरे उत्साह के साथ अंतिम चरण में हैं। विशेष रूप से कर्तव्य पथ, लोधी गार्डन, तालकटोरा गार्डन एवं शांति पथ लॉन जैसे प्रमुख स्थलों पर बड़ी संख्या में सहभागिता की संभावना है। इस आयोजन में 5,000 से अधिक योग साधकों, स्थानीय निवासियों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों (आरडब्ल्यूए), विद्यार्थियों, अधिकारियों तथा आगंतुकों के भाग लेने की संभावना है, जिससे यह राजधानी के हृदयस्थल में आयोजित सबसे बड़े समन्वित जन-स्वास्थ्य एवं जन-कल्याण अभियानों में से एक होगा।

# साइबर ठगी और मनी लॉन्ड्रिंग गिरोह का भंडाफोड़, राजस्थान से चार आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जिला साइबर थाना पुलिस ने दो लाख रुपये की साइबर ठगी के मामले का पदार्फाश करते हुए एक संगठित साइबर फ्रॉड और मनी लॉन्ड्रिंग गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस मामले में राजस्थान से चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों पर साइबर ठगी से हासिल रकम को कई बैंक खातों के जरिए इधर-उधर भेजकर मनी लॉन्ड्रिंग करने और ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म पर इस्तेमाल करने का आरोप है।



गिरफ्तार आरोपितों की पहचान अभिषेक सिहाग, अंकित गढ़वाल, विकास बेनीवाल और लोकेश कुमार के रूप में हुई है। चारों आरोपितों को अदालत में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों और ठगी की रकम के पूरे नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है। पुलिस के मुताबिक, चार नवंबर 2025 को साइबर थाना, केंद्रीय जिला में सुमन कुमार की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) के तहत मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता के बैंक खाते से दो लाख रुपये की अनधिकृत निकासी हुई थी। इस ठगी का खुलासा तब हुआ, जब अमेरिका में रह रहे उनके बेटे ने बैंक खाते में संदिग्ध लेनदेन देखा और शिकायत दर्ज कराने के लिए भारत पहुंचा। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि ठगी की रकम सबसे पहले कर्नाटक बैंक के एक खाते में ट्रांसफर की गई और इसके बाद रकम को कई अलग-अलग बैंक खातों में भेजकर उसके स्रोत को छिपाने की कोशिश की गई। पुलिस ने बैंक खातों के लेनदेन, तकनीकी विश्लेषण, आईपी लॉग और मोबाइल नंबरों की गहन जांच की। डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर पुलिस को राजस्थान के सीकर जिले में सक्रिय एक संगठित साइबर गिरोह की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस टीम ने राजस्थान के सीकर जिले की खंडेला तहसील के केरपुरा गांव में छापेमारी कर चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।

**काबू**

**बैंक खातों के जरिए इधर-उधर भेजकर मनी लॉन्ड्रिंग करने और सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म पर इस्तेमाल करने का आरोप**




दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने शुक्रवार को उत्तरी दिल्ली के सब्जी मंडी इलाके में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के पहले महिला पुलिस स्टेशन का उद्घाटन किया गया।

# पॉक्सो मामले में फरार आरोपित उत्तराखंड से गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली की वेलकम थाना पुलिस ने दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के एक मामले में फरार चल रहे आरोपित को उत्तराखंड से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित पर युवती को हथियार के बल पर धमका कर दुष्कर्म करने, अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने और लगातार पीछा करने का आरोप है। पुलिस के अनुसार चार अप्रैल 2026 को 21 वर्षीय युवती ने वेलकम थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़िता ने आरोप लगाया कि वर्ष 2023 में आरोपित ने पिस्तौल दिखाकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। आरोपित ने घटना का वीडियो भी बना लिया और उसे वायरल करने की धमकी देकर लंबे समय तक उसका यौन शोषण करता रहा। आरोप है कि वह युवती का ट्यूशन जाते समय पीछा करता था और उसके साथ-साथ परिवार के सदस्यों को भी गंभीर परिणाम भुगतने की धमकियां देता था। शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(2)(एम), 78, 351(3) और 126(2) के तहत मामला दर्ज किया।

**शिकायत**

**पुलिस के अनुसार चार अप्रैल 2026 को 21 वर्षीय युवती ने वेलकम थाने में शिकायत दर्ज कराई थी**

# नशा मुक्त भारत पखवाड़ा: दिल्ली पुलिस का संयुक्त जागरूकता अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी निरोधक दिवस के मद्देनजर दिल्ली पुलिस ने राजधानी में नशे के खिलाफ अपनी मुहिम तेज कर दी है। ह्यनशा मुक्त भारत पखवाड़ाह्न के तहत क्राइम ब्रांच की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने उत्तर और मध्य जिला पुलिस के साथ मिलकर नशे के हॉटस्पॉट इलाकों में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया। दिल्ली पुलिस की ओर से 12 जून से 26 जून 2026 तक नशा मुक्त भारत पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न जिलों और विशेष इकाइयों की ओर से जागरूकता कार्यक्रम,



जनसंपर्क अभियान और नशे के कारोबार से जुड़े लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, हर वर्ष 26 जून को अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी निरोधक दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य नशे के खिलाफ वैश्विक स्तर पर सहयोग बढ़ाना और लोगों को इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है।

अन्ना नगर और उषा माता मंदिर के पास चलाया गया अभियान 18 जून को क्राइम ब्रांच की एएनटीएफ ने उत्तर और मध्य जिला की एंटी नारकोटिक्स स्क्वॉड, स्थानीय थाना पुलिस और मधुमिता थिएटर के सहयोग से मध्य दिल्ली के आईटीओ स्थित अन्ना नगर और उत्तर जिला के उषा माता मंदिर के पास विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए।

अन्ना नगर, आईपी एस्टेट में नुक्कड़ नाटक, जनसंपर्क वाहन के माध्यम से जागरूकता वीडियो प्रदर्शन, पब्लिक काउंसलिंग सत्र और चित्र प्रदर्शनी के जरिए लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। प्रदर्शनी में नशे से होने वाले सामाजिक, आर्थिक, शारीरिक और मानसिक नुकसान को दर्शाया गया।

### एमआरएम एक विशेष व्यवस्था है, जिसे गृह मंत्रालय के तहत कार्यरत भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ने विकसित किया है

# साइबर ठगी के शिकार 34 लोगों को मिली राहत, एमआरएम के जरिए लौटाए गए 3.59 लाख

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** साइबर ठगी के शिकार लोगों को राहत पहुंचाने के लिए मध्य रेंज पुलिस ने मनी रिस्टोरेशन मॉड्यूल (एमआरएम) के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) के सहयोग से अब तक 34 मामलों में साइबर ठगी के पीड़ितों को कुल 3,59,178 रुपये वापस दिलाए गए हैं।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, एमआरएम एक विशेष व्यवस्था है, जिसे गृह मंत्रालय के तहत कार्यरत भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ने विकसित किया है। इसका उद्देश्य साइबर ठगी के मामलों में बैंकिंग हस्तक्षेप के जरिए सुरक्षित की गई 50 हजार रुपये तक की राशि को पीड़ितों को जल्द वापस दिलाना है। संयुक्त पुलिस आयुक्त (मध्य रेंज) मधुर वर्मा ने बताया कि इस प्रणाली के तहत प्राप्त होने वाले मामलों का निस्तारण तय प्रक्रिया और समय-सीमा के भीतर किया जाता है, ताकि पीड़ितों को जल्द से जल्द आर्थिक राहत मिल सके।

**सफलता**

**बैंकिंग हस्तक्षेप के जरिए सुरक्षित की गई 50 हजार रुपये तक की राशि को पीड़ितों को जल्द वापस दिलाना है**

**70 मामलों में मिली बहाली की मांग**

पुलिस के अनुसार, पिछले सप्ताह तक आई4सी की ओर से मनी रिस्टोरेशन मॉड्यूल के तहत कुल 70 अनुरोध प्राप्त हुए थे। इनमें से



34 मामलों में आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर उनका सत्यापन किया गया और उन्हें एमआरएम पोर्टल पर अपलोड किया गया। इसके बाद संबंधित पीड़ितों को कुल 3,59,178 रुपये की राशि वापस दिलाई गई। हालांकि, 22 मामलों में बहाली की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी, क्योंकि शिकायतकर्ता बार-बार संपर्क करने और याद दिलाने के बावजूद पुलिस थाने नहीं पहुंचे। शेष मामलों में आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं।

**ऐसे होती है रकम वापस पाने की प्रक्रिया**

पुलिस के मुताबिक, एमआरएम से जुड़े अनुरोध आई4सी की ओर से आधिकारिक ई-मेल के माध्यम से साझा किए जाते हैं। अनुरोध मिलने के बाद संबंधित पीड़ित से फोन पर संपर्क कर पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी जाती है। राशि बहाल कराने के लिए शिकायतकर्ता को स्वयं पुलिस थाने पहुंचना अनिवार्य होता है। इसके लिए उसे 10 रुपये के स्टांप पेपर और पैन कार्ड की प्रति साथ लानी होती है। थाने में शिकायतकर्ता की पहचान सत्यापित की जाती है और निर्धारित प्रारूप में क्षतिपूर्ति बांड (इंडेम्निटी बॉन्ड) भरवाया जाता है।

सभी दस्तावेजों की जांच के बाद उन्हें एमआरएम पोर्टल पर अपलोड किया जाता है, जिसके बाद सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी मिलने पर राशि बहाल की जाती है।

**एमआरएम मामलों के लिए तैनात किया गया विशेष कर्मचारी**

पुलिस ने बताया कि साइबर ठगी के पीड़ितों को जल्द राहत पहुंचाने के लिए एमआरएम से जुड़े मामलों की निगरानी के लिए एक समर्पित कर्मचारी को विशेष रूप से नियुक्त किया गया है। यह कर्मचारी शिकायतकताओं से संपर्क करने, दस्तावेज जुटाने, मामलों की प्रगति पर नजर रखने और पोर्टल पर आवश्यक जानकारी अपलोड करने की जिम्मेदारी निभा रहा है। पुलिस का मानना है कि इस व्यवस्था से लंबित मामलों में कमी आएगी और अधिक से अधिक पीड़ितों को उनकी फंसी हुई रकम वापस मिल सकेगी। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि साइबर ठगी का शिकार होने पर तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं या राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर सूचना दें, ताकि समय रहते रकम को फ्रीज कर उसे वापस दिलाने की प्रक्रिया शुरू की जा सके।

# ऑपरेशन विश्वास: 15 दिन में 168 खोए मोबाइल बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मध्य जिला पुलिस ने तकनीक आधारित पुलिसिंग और अंतरराज्यीय समन्वय का बेहतरीन उदाहरण पेश करते हुए ऑपरेशन विश्वास के तहत महज 15 दिनों में 168 खोए हुए मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामद मोबाइल फोन में से 88 हैंडसेट को अनब्लॉक कर स्वामित्व सत्यापन के बाद उनके असली मालिकों को सौंप दिया गया। पुलिस का कहना है कि इस विशेष अभियान ने न केवल लोगों को उनके महंगे मोबाइल वापस दिलाए, बल्कि उनमें मौजूद महत्वपूर्ण निजी और पेशेवर डेटा को भी सुरक्षित लौटाने में अहम भूमिका निभाई है। पुलिस की ओर से शुक्रवार को जारी बयान के अनुसार यह अभियान वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में चलाया गया। इसका उद्देश्य खोए हुए मोबाइल फोन को तकनीकी सहायता और समन्वित पुलिसिंग के जरिए ट्रेस कर उन्हें उनके वास्तविक मालिकों तक पहुंचाना था। ऑपरेशन विश्वास के तहत केंद्रीय जिले की स्पेशल स्टाफ टीम और सभी थानों के नामित नोडल अधिकारियों ने संयुक्त रूप से काम किया। टीमों ने खोए हुए मोबाइल फोन से संबंधित शिकायतों का विश्लेषण किया और प्रत्येक मामले में लगातार फॉलोअप किया। मोबाइल फोन की बरामदगी में तकनीकी विश्लेषण और डिजिटल ट्रैकिंग ने अहम भूमिका निभाई।

**डिजिटल ट्रैकिंग**

**मोबाइल फोन की बरामदगी में तकनीकी विश्लेषण और डिजिटल ट्रैकिंग ने अहम भूमिका निभाई**

# संपादकीय

## अयोध्या मंदिर चढ़ावा चोरी मामला : चोरी का कुचक्र

**अयोध्या** के विश्व प्रसिद्ध श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे की चोरी के नित नए आरोप सामने आ रहे हैं। चार ट्रस्ट पदाधिकारियों के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट भी थाने में दर्ज कराई गई है। ट्रस्ट की पहल पर उत्तर प्रदेश सरकार ने जांच के लिए एसआईटी गठित कर दी है। जांच के बाद ही पता चलेगा कि वास्तव में चढ़ावे में चोरी हुई है अथवा यह श्रद्धालुओं की आस्था पर आघात करने का कोई कुचक्र है। इस कथित चढ़ावा चोरी का आरोप लगाने वालों में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी के वे नेता सबसे अधिक मुखर हैं, जो मंदिर निर्माण अभियान के कभी समर्थक नहीं रहे। सामान्यतः ग्रहणकाल कुछ घंटों का होता है। शनिदेव की महादशा अधिकतम साढ़े सात वर्ष और राहु की महादशा अठारह वर्ष तक चलती है। लेकिन अयोध्या के श्रीराम जन्मस्थान मंदिर पर जो ग्रहण लगभग नौ सौ वर्ष पहले लगा था, उसकी पूर्ण मुक्ति आज भी नहीं हो पाई है। युग बदले, सत्ताएँ बदलीं, सल्तनत और अंग्रेजी शासन भी समाप्त हो गया लेकिन अयोध्या जन्मस्थान मंदिर को निशाने पर लेने की मानसिकता नहीं बदली। पहले सतत सैन्य आक्रमण हुए, लूटपाट और विध्वंस हुआ, फिर पुनर्निर्माण का संघर्ष चला। पीढ़ियाँ बीत गईं लेकिन रामभक्तों की जिजीविषा बनी रही। समय के साथ संघर्ष की शैली अवश्य बदली, किंतु रामजन्मभूमि मुक्ति का आंदोलन कभी रुका नहीं। सन् 1949 में इस संघर्ष का एक नया अध्याय जुड़ा। अपने जन्मस्थान पर रामलला स्वयं प्रकट हुए लेकिन तत्कालीन शासन का दृष्टिकोण प्रतिकूल रहा और मंदिर में विधिवत प्राण-प्रतिष्ठा नहीं हो सकी। संघर्ष ने नया स्वरूप धारण किया। न्यायालयों में याचिकाएँ दायर हुईं और देशभर से श्रद्धालु कारसेवक के रूप में अयोध्या पहुँचने लगे। गोलियाँ चलीं, रामभक्तों ने बलिदान दिए, विवादित ढाँचा ध्वस्त हुआ। अंततः 9 नवम्बर 2019 को सर्वोच्च न्यायालय का ऐतिहासिक निर्णय आया। 5 फरवरी 2020 को संसद की अनुमति से भारत सरकार द्वारा स्वतंत्र श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास का गठन किया गया। 5 अगस्त 2020 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में भूमि-पूजन हुआ और 22 जनवरी 2024 को श्रीरामलला अपने जन्मस्थान पर विराजमान हो गए। जब यह प्रकरण न्यायालय में था, तब सभी पक्षों ने न्यायालय के निर्णय को स्वीकार करने की घोषणा की थी। रामभक्तों को आशा थी कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के बाद स्थिति सामान्य होगी और पूरा देश अपने आराध्य के निर्विवाद दर्शन कर सकेगा लेकिन ऐसा हुआ नहीं। जिस प्रकार भगवान राम का जीवन वनवास समाप्त होने के बाद भी पूर्णतः निरापद नहीं रहा, कुछ वैसी ही स्थिति इस जन्मस्थान मंदिर की भी रही। सर्वोच्च न्यायालय में सुनवाई के दौरान बार-बार नए-नए मुद्दे उठाए गए, जिससे निर्णय तक पहुँचने में वर्षों लग गए। संभवतः भारत के न्यायिक इतिहास में यह पहला ऐसा प्रकरण था, जिसमें निर्णय को विलंबित करने की याचिकाएँ भी दायर की गईं।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

# क्या अमेरिका और ईरान ने वास्तव में शांति चुन ली है?



महेन्द्र तिवारी

> "वास्तव में यदि निष्पक्ष दृष्टि से देखा जाए तो यह किसी एक पक्ष की पूर्ण जीत नहीं है। आधुनिक कूटनीति में अक्सर ऐसा होता है कि दोनों पक्ष कुछ प्राप्त करते हैं और कुछ छोड़ते हैं। यही इस समझौते में भी दिखाई देता है। अमेरिका को परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत और समुद्री मार्ग की बहाली मिली है, जबकि ईरान को युद्धविराम, संभावित आर्थिक राहत और अपनी कुछ रणनीतिक स्थितियों को बनाए रखने का अवसर मिला है। इस समझौते का एक और महत्वपूर्ण पहलू 60 दिनों की वार्ता अवधि है"

अमेरिका और ईरान के बीच वर्षों से चला आ रहा टकराव केवल दो देशों का विवाद नहीं रहा है, बल्कि यह वैश्विक राजनीति, ऊर्जा सुरक्षा, परमाणु प्रसार, समुद्री व्यापार और मध्य पूर्व की स्थिरता से जुड़ा एक ऐसा प्रश्न बन चुका है जिसने पूरी दुनिया को प्रभावित किया है। हाल के महीनों में दोनों देशों के बीच तनाव जिस स्तर तक पहुंच गया था, उसे देखते हुए बहुत कम लोगों को उम्मीद थी कि अचानक कोई ऐसा समझौता सामने आएगा जो युद्धविराम का रास्ता खोल सके। लेकिन अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान द्वारा डिजिटल हस्ताक्षर किए जाने के बाद एक अंतरिम समझौता लागू हो चुका है, जिसने कम से कम फिलहाल सैन्य संघर्ष को रोक दिया है और आगे की बातचीत के लिए 60 दिनों का समय प्रदान किया है।

यह समझौता केवल युद्ध रोकने का दस्तावेज नहीं है। इसमें होर्मुज जलडमरूमध्य को दोबारा खोलने, परमाणु कार्यक्रम पर वार्ता शुरू करने, आर्थिक प्रतिबंधों में संभावित राहत और क्षेत्रीय तनाव कम करने जैसे कई महत्वपूर्ण बिंदु शामिल हैं। यही कारण है कि इस समझौते को कुछ लोग ऐतिहासिक सफलता बता रहे हैं, जबकि कुछ विश्लेषकों का मानना है कि यह केवल एक अस्थायी विराम है और वास्तविक परीक्षा अभी बाकी है।

सबसे पहले यह समझना आवश्यक है कि होर्मुज जलडमरूमध्य इतना महत्वपूर्ण क्यों है। यह दुनिया के सबसे रणनीतिक समुद्री मार्गों में से एक माना जाता है। वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति का बड़ा हिस्सा इसी मार्ग से होकर गुजरता है। युद्ध के दौरान इस मार्ग पर संकट पैदा होने से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अस्थिरता बढ़ गई थी और ऊर्जा सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं उत्पन्न हो गई थीं। समझौते के तहत इस जलमार्ग को फिर से खोलने पर सहमति बनी है और कम से कम 60 दिनों तक जहाजों को बिना शुल्क गुजरने की अनुमति देने की बात कही गई है। हालांकि समझौते का सबसे विवादास्पद पहलू वही है जिस पर अब दुनिया की नजर टिकी हुई है। ईरान के वरिष्ठ नेता मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने स्पष्ट संकेत दिया है कि 60 दिनों के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों पर शुल्क लगाया जा सकता है। उनका तर्क है कि ईरान इस क्षेत्र पर अपनी संप्रभुता का अधिकार रखता है और सुरक्षा तथा अन्य सेवाओं के बदले शुल्क लेना उसका अधिकार है। दूसरी ओर अमेरिका और कई पश्चिमी देश इस विचार से सहमत नहीं दिखते। यदि भविष्य में इस मुद्दे पर सहमति नहीं बनती, तो यह नया विवाद पैदा कर सकता है। अब प्रश्न यह है कि इस समझौते में वास्तव में किसे झुकना पड़ा। यदि ईरानी दृष्टिकोण से देखा जाए तो तेहरान यह दावा कर सकता है कि उसने अपनी प्रमुख मांगों में से कई को सुरक्षित रखा है। ईरान का परमाणु कार्यक्रम तत्काल समाप्त नहीं किया गया है। उसका संवर्धित यूरेनियम पूरी तरह नष्ट करने की शर्त भी स्वीकार नहीं की गई। इसके बजाय अंतरराष्ट्रीय निगरानी में आगे की प्रक्रिया तय करने पर सहमति बनी है। इसका अर्थ यह है कि ईरान ने अपनी मूल रणनीतिक क्षमता को पूरी तरह छोड़ा नहीं है। इसके अतिरिक्त, ईरान को आर्थिक राहत मिलने की संभावना भी दिखाई दे रही है। तेल निर्यात पर कुछ प्रतिबंधों में ढील, जमी हुई संपत्तियों तक संभावित पहुंच और आर्थिक पुनर्निर्माण से जुड़ी चचाओं को ईरान अपनी उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत कर सकता है। युद्ध और प्रतिबंधों के लंबे दौर के बाद यह तेहरान के लिए महत्वपूर्ण राहत मानी जाएगी। लेकिन यदि अमेरिकी दृष्टिकोण से देखा जाए तो वाशिंगटन भी इस समझौते को अपनी जीत के रूप में पेश कर सकता है। अमेरिका का कहना है कि कठोर प्रतिबंधों, नौसैनिक दबाव और सैन्य कार्रवाई ने ईरान को बातचीत की मेज पर आने के लिए मजबूर किया। समझौते में ईरान द्वारा परमाणु हथियार विकसित न करने की प्रतिबद्धता दोहराई गई है तथा अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की निगरानी को स्वीकार करने की दिशा में कदम बढ़ाए गए हैं। अमेरिका के लिए यह एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक उपलब्धि मानी जा सकती है।

वास्तव में यदि निष्पक्ष दृष्टि से देखा जाए तो यह किसी एक पक्ष की पूर्ण जीत नहीं है। आधुनिक कूटनीति में अक्सर ऐसा होता है कि दोनों पक्ष कुछ प्राप्त करते हैं और कुछ छोड़ते हैं। यही इस समझौते में भी दिखाई देता है। अमेरिका को परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत और समुद्री मार्ग की बहाली मिली है, जबकि ईरान को युद्धविराम, संभावित आर्थिक राहत और अपनी कुछ रणनीतिक स्थितियों को बनाए रखने का अवसर मिला है। इस समझौते का एक और महत्वपूर्ण पहलू 60 दिनों की वार्ता अवधि है। यही वह समय होगा जिसमें यह तय होगा कि अंतरिम समझौता स्थायी शांति की दिशा में आगे बढ़ता है या नहीं। यदि दोनों पक्ष परमाणु कार्यक्रम, प्रतिबंधों, क्षेत्रीय सुरक्षा और समुद्री मार्गों के उपयोग जैसे मुद्दों पर ठोस सहमति बना लेते हैं, तो यह मध्य पूर्व के इतिहास में एक निर्णायक मोड़ साबित हो सकता है। लेकिन यदि वार्ता विफल होती है, तो संघर्ष दोबारा शुरू होने की आशंका भी बनी रहेगी। दुनिया के कई देशों के लिए यह समझौता राहत की खबर है। ऊर्जा आयात करने वाले देशों को उम्मीद है कि तेल और गैस की आपूर्ति अधिक स्थिर होगी। अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक कंपनियां भी समुद्री मार्गों के सामान्य होने की प्रतीक्षा कर रही हैं। युद्ध के दौरान वैश्विक बाजारों में जो अनिश्चितता दिखाई दी थी, उसमें कुछ कमी आने की संभावना है। हालांकि चुनौतियां अभी भी कम नहीं हैं। समझौते में कई महत्वपूर्ण विषयों को भविष्य की बातचीत के लिए छोड़ दिया गया है। मिसाइल कार्यक्रम, क्षेत्रीय सहयोगी समूहों की भूमिका, मानवाधिकार से जुड़े प्रश्न और दीर्घकालिक सुरक्षा व्यवस्था जैसे विषय अभी पूरी तरह हल नहीं हुए हैं। यही कारण है कि कई विशेषज्ञ इस समझौते को अंतिम समाधान के बजाय एक प्रारंभिक ढांचा मान रहे हैं। इतिहास गवाह है कि अमेरिका और ईरान के संबंध लंबे समय से अविश्वास से भरे रहे हैं। अनेक बार बातचीत शुरू हुई, कई बार उम्मीदें जगीं, लेकिन अंततः विवाद फिर सामने आ गए। इस पृष्ठभूमि में वर्तमान समझौता निश्चित रूप से महत्वपूर्ण है, परंतु इसकी सफलता का आकलन केवल हस्ताक्षरों से नहीं किया जा सकता। असली सफलता तब मानी जाएगी जब आने वाले महीनों में दोनों देश अपने वादों का पालन करें और एक व्यापक तथा स्थायी समझौते तक पहुंचें। निष्कर्ष यही है कि न तो अमेरिका पूरी तरह विजेता बनकर उभरा है और न ही ईरान पूरी तरह पराजित हुआ है। दोनों देशों ने अपनी-अपनी सीमाओं और आवश्यकताओं को समझते हुए एक व्यावहारिक रास्ता चुना है।

युद्ध ने दोनों को नुकसान पहुंचाया था और शांति की दिशा में बढ़ना दोनों की आवश्यकता बन गया था। इसलिए इस समझौते को किसी एक की जीत और दूसरे की हार के रूप में देखने के बजाय इसे एक ऐसे राजनीतिक समझौते के रूप में देखना अधिक उचित होगा जिसमें दोनों पक्षों ने अपने-अपने हितों की रक्षा करते हुए टकराव को फिलहाल रोकने का निर्णय लिया है। आने वाले 60 दिन यह तय करेंगे कि यह समझौता इतिहास में स्थायी शांति के पहले कदम के रूप में दर्ज होगा या केवल युद्ध के बीच आया एक अस्थायी विराम साबित होगा।



# ट्रंप के राजनीतिक समर्थन के कूटनीतिक निहितार्थ

राज कुमार

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा यह संकेत देना कि किसी बाहरी हमले की स्थिति में अमेरिका भारत के साथ खड़ा होगा, अंतरराष्ट्रीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण संदेश माना जा रहा है। हालांकि इसे औपचारिक सुरक्षा गारंटी के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, लेकिन यह स्पष्ट रूप से बताता है कि अमेरिका भारत को हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक प्रमुख रणनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित करना चाहता है। वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में अमेरिका और चीन के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शक्ति संतुलन और भारत-चीन सीमा विवाद जैसे मुद्दों ने भारत की सामरिक भूमिका को पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण बना दिया है। इसी कारण अमेरिका भारत के साथ रक्षा, प्रौद्योगिकी, व्यापार और भू-राजनीतिक सहयोग को लगातार विस्तार दे रहा है। हालांकि भारत और अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग अभूतपूर्व रूप से बढ़ा है, लेकिन दोनों देशों के बीच ऐसा कोई सैन्य गठबंधन या कानूनी समझौता नहीं है, जैसा कि उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन ( नाटो ) के सदस्य देशों के बीच होता है। इसलिए ट्रंप के किसी भी बयान को औपचारिक सैन्य प्रतिबद्धता नहीं, बल्कि एक राजनीतिक और रणनीतिक संकेत के रूप में ही देखा जाना चाहिए। भारत और अमेरिका ने पिछले वर्षों में रक्षा सहयोग को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। दोनों देशों के बीच सैन्य अभ्यास, तकनीकी साझेदारी, खुफिया सहयोग और रक्षा उत्पादन में तेजी आई है। इसके बावजूद भारत ने अपनी विदेश नीति की मूल भावना यानी रणनीतिक स्वायत्तता को बरकरार रखा है। भारत किसी एक शक्ति-गुट का हिस्सा बनने के बजाय अपने राष्ट्रीय हितों के आधार पर निर्णय लेने की नीति पर कायम है। यहीं सबसे बड़ी चुनौती भी मौजूद है। डोनाल्ड ट्रंप का राजनीतिक व्यवहार अक्सर अप्रत्याशित रहा है। एक ओर वे भारत को महत्वपूर्ण साझेदार बताते हैं, वहीं दूसरी ओर भारत के निर्यात पर टैरिफ लगाने, रूस से तेल खरीदने पर आलोचना करने और व्यापारिक दबाव बनाने से भी नहीं हिचकिचाते। इससे यह स्पष्ट होता है कि अमेरिका की विदेश नीति स्थायी मित्रता से अधिक अपने आर्थिक और सामरिक हितों पर आधारित होती है। भारत ने भी कई मौकों पर यह स्पष्ट कर दिया है कि उसकी ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार नीति और विदेश नीति किसी बाहरी दबाव से संचालित नहीं होगी। रूस से तेल खरीदने का निर्णय भारत की ऊर्जा जरूरतों और आर्थिक हितों पर आधारित है। 140 करोड़ की आबादी वाले देश के लिए सस्ती और स्थिर ऊर्जा आपूर्ति केवल कूटनीतिक दबावों के आधार पर तय नहीं की जा सकती। भारत-अमेरिका संबंधों में एक अन्य संवेदनशील विषय भारत-पाकिस्तान मुद्दा है। ट्रंप कई बार यह दावा कर चुके हैं कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव को कम कराने या युद्ध रुकवाने में भूमिका निभाई है।

# विचार

## प्रकृति के पुनर्जन्म का भारत मॉडलः एक नई सभ्यता की शुरूआत

आरके जैन

**सभ्यताओं** का भविष्य केवल संसदों में नहीं, खेतों की मिट्टी, जंगलों की हरियाली और जलस्रोतों की जीवनधारा में भी लिखा जाता है। ऐसे समय में जब दुनिया भूमि क्षरण, सूखे और मरुस्थलीकरण की गंभीर चुनौती से जूझ रही है, भारत ने आशा और संकल्प का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है। वर्ष 2011 से 2020 के बीच देश ने 21.76 मिलियन हेक्टेयर क्षतिग्रस्त भूमि को पुनर्जीवित किया है, जो बॉन चैलेंज के 26 मिलियन हेक्टेयर लक्ष्य का लगभग 84 प्रतिशत है। यह केवल भूमि बहाली का आंकड़ा नहीं, बल्कि उस राष्ट्रीय दृष्टि का प्रमाण है जिसने विकास और प्रकृति को विरोधी नहीं, बल्कि सहयात्री माना। भारत ने दुनिया को दिखा दिया है कि जलवायु नेतृत्व संपन्नता से नहीं, बल्कि दूरदृष्टि, प्रतिबद्धता और सामूहिक प्रयासों से हासिल होता है। संकल्प और संवेदनशीलता के साथ यह यात्रा वर्ष 2015 में शुरू हुई, जब भारत ने बॉन चैलेंज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। प्रारंभ में लक्ष्य 2020 तक 13 मिलियन हेक्टेयर और 2030 तक अतिरिक्त 8 मिलियन हेक्टेयर भूमि बहाली का था, जिसे बाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2019 में यूएनसीसीडी के 14वें पक्षकार सम्मेलन के दौरान बढ़ाकर 26 मिलियन हेक्टेयर कर दिया गया। 17 जून 2026 को विश्व मरुस्थलीकरण विरोधी दिवस पर केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव द्वारा जारी दूसरी प्रगति रिपोर्ट ने इस प्रगति को वैश्विक मंच पर रखा। रिपोर्ट में तेलंगाना को सर्वाधिक भूमि पुनर्स्थापन करने वाला राज्य बताया गया, जबकि आंध्र प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश और ओडिशा का प्रदर्शन भी उल्लेखनीय रहा। इन राज्यों ने वनरोपण, जल संरक्षण, एग्रोफॉरेस्ट्री और प्राकृतिक पुनरुत्थान से अनुपयोगी भूमि को फिर से जीवन दिया। किसी भी पर्यावरणीय कार्यक्रम की सफलता तभी है जब उसका असर सीधे जनजीवन तक पहुंचे। भारत की भूमि बहाली यात्रा की सबसे बड़ी शक्ति यह है कि उसने हरियाली के साथ आजीविका भी पैदा की। रिपोर्ट के अनुसार लगभग 1.22 अरब व्यक्ति-दिवस रोजगार सृजित हुए। ग्रामीण युवा, महिलाएं और सीमांत किसान इसके प्रमुख लाभार्थी बने। जहां कभी बंजर भूमि बेरोजगारी, पलायन और निराशा का प्रतीक थी, वहां आज हरे खेत, फलदार बाग और पशुधन के लिए चारा दिखाई देता है। इस पहल ने मिट्टी को उपजाऊ बनाया, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति दी, गरीबी घटाई और गांवों को आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाया। यह सामाजिक न्याय और आर्थिक समावेशन का ऐसा मॉडल है, जिसकी प्रासंगिकता लंबे समय तक रहेगी। इस उपलब्धि का पर्यावरणीय प्रभाव दीर्घकालिक है। स्वस्थ भूमि केवल फसल नहीं उगाती, बल्कि भविष्य की सुरक्षा भी सुनिश्चित करती है। पुनर्स्थापित भूमि कार्बन अवशोषण बढ़ाती है, मिट्टी की उर्वरता लौटाती है और जल चक्र को संतुलित करती है। इससे सूखा और बाढ़ जैसी आपदाओं की तीव्रता कम होती है। जैव विविधता को नया आवास मिलता है और पारिस्थितिक तंत्र मजबूत होता है। वैज्ञानिक लंबे समय से मानते हैं कि जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध सबसे प्रभावी और कम खर्चीला उपाय स्वस्थ भूमि है। भारत ने इस सत्य को व्यवहार में बदलकर दिखाया है, इसलिए वैश्विक भूमि बहाली विमर्श में उसकी भूमिका अग्रिम पंक्ति में है। दुनिया के सामने बॉन चैलेंज का लक्ष्य 2030 तक 350 मिलियन हेक्टेयर भूमि पुनर्स्थापन का है। इस वैश्विक अभियान में भारत का योगदान प्रेरक और नेतृत्वकारी दोनों माना जा रहा है। यह उपलब्धि ऐसे समय में हासिल हुई है जब कई विकसित देश अपने पर्यावरणीय लक्ष्यों और आर्थिक प्राथमिकताओं के बीच संतुलन साधने में संघर्ष कर रहे हैं। भारत ने सिद्ध किया है कि आर्थिक विकास और प्रकृति संरक्षण अलग राहें नहीं, बल्कि साथ-साथ चलने वाली प्रक्रिया हैं। यह उपलब्धि वैश्विक दक्षिण की क्षमता का संदेश है कि समाधान संसाधनों से नहीं, बल्कि दूरदर्शिता और प्रतिबद्धता से निकलते हैं। भारत की सफलता का मूल आधार उसकी नीतिगत स्पष्टता और जनभागीदारी है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, ग्रीन इंडिया मिशन, संयुक्त वन प्रबंधन समितियां और राज्यों की स्थानीय पहलें मिलकर काम कर रही हैं। स्थानीय समुदायों को भागीदार और संरक्षक बनाकर प्रयासों को स्थायित्व दिया गया है।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए संपादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन बालाजी हाउस, 244, ब्लॉक- बी, लेन- 3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली - 110033 से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से मुद्रित।
संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
मेट्रो संपादक : दीपचंद्र कांडपाल (8447314925)
'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# व्यंग्य

## क्या मध्य प्रदेश में फिर पनप गया है तबादला उद्योग...*

पवन वर्मा

**प्रदेश** में 1 से 16 जून तक जिस गति से अधिकारियों और कर्मचारियों के तबादले राज्य स्तर से लेकर जिला स्तर तक हुए हैं, उनकी संख्या सुनकर हर कोई चौंक जा रहा है। एक अनुमान के तहत यह माना जा रहा है कि इन 16 दिनों में सरकार ने 17 हजार से अधिक तबादले कर दिए और अब कांग्रेस ने इसे तबादला उद्योग का नाम दिया है। इससे पहले मध्य प्रदेश में कांग्रेस जब तक सत्ता में रही तब-तब प्रदेश में तबादलों को एक उद्योग के रूप में माना जाता था। भाजपा ने ही कांग्रेस की सरकार में तबादलों में हुए भ्रष्टाचार के चलते इसे तबादला उद्योग का नाम दिया था। अभी तक भाजपा सरकार पर तबादलों के नाम पर उद्योग चलाने के आरोप नहीं लगे थे, लेकिन इस बार डॉ. मोहन यादव की सरकार इस मामले में विपक्ष के निशाने पर आ गई है।

कर्मचारियों और अधिकारियों का स्थानांतरण एक आवश्यक एवं अनिवार्य प्रशासनिक प्रक्रिया है। हर वर्ष मई-जून में आवश्यक स्थानांतरण किए जाते हैं। इस वर्ष डॉ. मोहन यादव सरकार के सामने चुनौती केवल तबादले करने की नहीं थी, बल्कि यह संदेश देने की भी थी कि पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष और आवश्यकता आधारित है। लेकिन जिस तरह तबादलों के दौरान भाजपा के नेताओं ने सक्रियता दिखाई , उसने विपक्ष को सरकार पर हमला करने का पर्याप्त अवसर दे दिया। इससे पहले अर्जुन सिंह, मोतीलाल वोरा, दिग्विजय सिंह और कमलनाथ की सरकारों में भी तबादला उद्योग चलाए जाने के आरोप लगते रहे हैं,और अब भाजपा की डॉ. मोहन यादव की सरकार पर भी यह आरोप लग रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आरोप लगाया है कि राज्य में हुए लगभग 20 हजार कर्मचारियों और अधिकारियों के तबादलों में 200 करोड़ रुपये का लेन-देन हुआ है।

यह आरोप कितना सही है और कितना राजनीतिक, यह अलग विषय है, लेकिन इतना जरूर है कि तबादलों पर से प्रतिबंध हटने के बाद जो तस्वीर सामने आई, उसने इस बहस को फिर से जिंदा कर दिया है।

## ज्ञान प्रदूषण

आजकल प्रदूषण के अनेक प्रकार प्रचलन में हैं–वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, प्रकाश प्रदूषण। किंतु इन सबके बीच एक ऐसा प्रदूषण चुपचाप अपना साम्राज्य स्थापित कर चुका है, जिसकी न तो कोई सरकारी रिपोर्ट बनती है और न ही उसके लिए कोई नियंत्रण बोर्ड गठित हुआ है। इसका नाम है–ज्ञान प्रदूषण।

ज्ञान प्रदूषण वह अवस्था है, जब व्यक्ति के पास जानकारी इतनी अधिक हो जाती है कि ज्ञान कहीं दिखाई ही नहीं देता। जैसे नदी में इतना कचरा भर जाए कि पानी खोजने पर भी न मिले, वैसे ही मस्तिष्क में इतनी सूचनाएँ भर जाती हैं कि विवेक कहीं कोने में दम तोड़ देता है।

पहले लोग ज्ञान प्राप्त करने के लिए गुरु के पास जाते थे। वर्षों अध्ययन करते थे, प्रश्न पूछते थे और फिर कहीं जाकर विद्वान कहलाते थे। आज स्थिति यह है कि पाँच मिनट का वीडियो देखकर लोग स्वयं को विषय विशेषज्ञ घोषित कर देते हैं। जिसने कल तक पौधे में खाद डालना नहीं सीखा था, वह आज वैश्विक कृषि नीति पर भाषण दे रहा है। जिसने दो लेख पढ़ लिए, वह इतिहासकार है; जिसने तीन पोस्ट साझा कर दीं, वह राजनीतिक विश्लेषक है; और जिसने चार प्रेरणादायक वाक्य याद कर लिए, वह जीवन प्रबंधन का गुरु बन चुका है।

ज्ञान प्रदूषण का सबसे बड़ा स्रोत वह आत्मविश्वास है, जो जानकारी से नहीं बल्कि अज्ञान से पैदा होता है। व्यक्ति जितना कम जानता है, उतना ही अधिक निश्चिंत होकर बोलता है। उसे हर विषय पर मत देना आवश्यक लगता है। मौसम विभाग बाद में भविष्यवाणी करे, वह पहले ही बता देता है कि इस वर्ष वर्षा कम होगी। चिकित्सक परीक्षण कर रहे होते हैं, तब तक वह सोशल मीडिया विश्वविद्यालय से प्राप्त डिग्री के आधार पर बीमारी और इलाज दोनों घोषित कर चुका होता है।

आजकल लोगों की स्मृति से अधिक उनके मोबाइल फोन ज्ञानी हो गए हैं। किसी ने पूछा–क्या आपको यह विषय पता है? उत्तर मिला–नहीं, परंतु मेरे पास इसका लिंक है। अब ज्ञान का अर्थ समझना नहीं, बल्कि आगे भेज देना रह गया है।

न्यूज फ्लैश

## योग प्रोटोकॉल की पायलट रिहर्सल संपन्न



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** १२वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय अनाज मंडी में शुक्रवार को जिला स्तरीय कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर योग प्रोटोकॉल की पायलट रिहर्सल आयोजित की गई, जिसमें एसडीएम देवेंद्र शर्मा सहित अन्य विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों तथा स्कूली बच्चोंए समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है, ताकि योग साधकों को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।
एसडीएम देवेंद्र शर्मा ने बताया कि २१ जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन प्रातः ६ बजे से ८ बजे तक आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में केंद्रीय ऊर्जाए आवासन एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से समारोह से जुड़ेंगे और देशवासियों के नाम अपना शुभ संदेश देंगे।
इसके बाद पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ऑनलाइन माध्यम से जुड़ेंगे। इन दोनों कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण कार्यक्रम में दिखाया जाएगा। इसके बाद योग प्रशिक्षकों द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित योग साधकों को योग क्रियाएं करवाई जाएंगी।
एसडीएम ने बताया कि उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है तथा संबंधित अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। कार्यक्रम स्थल पर कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।
उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम के अलावा उप-मंडल स्तर पर भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नीलोखेड़ी के कार्यक्रम में नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी, इंद्री के कार्यक्रम में इंद्री के विधायक एवं चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप, घरौंडा के कार्यक्रम में करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, असंध के कार्यक्रम में असंध के विधायक योगेंद्र सिंह राणा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। पायलट रिहर्सल के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी रोहताश वर्मा, जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ सतपाल, जीएम रोडवेज कुलदीप, डीआईपीआरओ सत्यवान महिवाल, सीडीपीओ संतोष सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। योग विशेषज्ञ डॉ. अमित पुंज व अन्य योग प्रशिक्षकों ने मंच से प्रतिभागियों को योग क्रियाएं करवाई।

## एसआईआर-2026 के तहत एएसडी मतदाताओं की सूची राजनीतिक दलों के बीएलए के साथ की जाएगी साझा : उपायुक्त नेहा सिंह*

**सोनीपत, 19 जून।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 अभियान के अंतर्गत मतदाता सूची को शत-प्रतिशत त्रुटिरहित, अद्यतन एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत अथवा डुप्लीकेट (एएसडी) मतदाताओं की बूथवार सूचियां मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए) के साथ साझा की जाएंगी। इन सूचियों को मुख्य निर्वाचन अधिकारी तथा जिला निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि एसआईआर-2026 के दौरान बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन किया जा रहा है। इस प्रक्रिया के दौरान ऐसे मतदाताओं को एएसडी श्रेणी में चिन्हित किया गया है, जिनसे प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन से पूर्व बीएलओ द्वारा तीन या उससे अधिक बार घर पर जाने के बावजूद संपर्क स्थापित नहीं हो सका है।

# जापान में गीता ज्ञान की अलख, बढ़ी भारत की सांस्कृतिक प्रतिष्ठा

महोत्सव

**भारत-जापान मैत्रीपूर्ण संबंधों के विस्तार में गीता महोत्सव का विशेष महत्व है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**जापान (टोक्यो)।** जापान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2026 के दौरान भारतीय संस्कृति और सनातन ज्ञान की अमूल्य धरोहर श्रीमद्भगवद्गीता का संदेश वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयों को छूता दिखाई दे रहा है। इसी क्रम में महोत्सव के अंतर्गत गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद के प्रेरक मार्गदर्शन में भारतीय उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मिडोरी नेट नारा जापान के पूर्व चेयरमैन एवं अध्यक्ष नोबुआकी ओकुनो को पवित्र श्रीमद्भगवद्गीता भेंट कर भारतीय आध्यात्मिक विरासत से परिचित कराया।
इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंकज सेतिया, हरियाणा सरकार के पर्यटन, उद्योग एवं जनसंपर्क विभाग के आयुक्त एवं कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सदस्य सचिव डॉ. अमित अग्रवाल, पूंडरी के विधायक सतपाल जांबा, पंचकूला के महापौर श्याम लाल बंसल, करनाल की महापौर रेणु बाला गुप्ता, करनाल भाजपा के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक गुज्जर, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।
इस दौरान गीता के सार्वभौमिक संदेश की सराहना करते हुए नोबुआकी ओकुनो ने कहा कि गीता केवल भारत ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानवता की धरोहर है। उन्होंने गीता ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान करते हुए इस वैश्विक अभियान को आगे बढ़ाने में पूर्ण सहयोग और समर्थन देने का विश्वास जताया।
उल्लेखनीय है कि इन दिनों गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानन्द महाराज के पावन सान्निध्य में भारत से पहुंचे 160 श्रद्धालुओं का प्रतिनिधिमंडल टोक्यो, ओसाका और क्योटो में आयोजित अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में सहभागिता कर रहा है।
कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड एवं जीओ गीता के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह महोत्सव विश्व समुदाय तक गीता के शाश्वत संदेश को पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम बन रहा है।
अपने प्रेरक उद्बोधन में स्वामी ज्ञानानन्द महाराज ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि विश्व मानवता को जोड? का अभियान है। श्रीमद्भगवद्गीता का संदेश भौगोलिक सीमाओं, भाषाओं और संस्कृतियों से परे जाकर मानव जीवन को कर्तव्य, आत्मसंयम, करुणा और विश्व बंधुत्व की दिशा प्रदान करता है। आज जब विश्व अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब गीता ज्ञान शांति, संतुलन और सकारात्मक जीवन दृष्टि का सबसे प्रभावी मार्ग प्रस्तुत करता है।
महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि जापान में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन भारतीय संस्कृति और सनातन दर्शन की वैश्विक स्वीकार्यता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि गीता मानव जीवन को सकारात्मक दिशा देने वाली अमूल्य धरोहर है और ऐसे आयोजन भारत की सांस्कृतिक पहचान को विश्व पटल पर और अधिक सशक्त बनाते हैं। उन्होंने इसे करनाल एवं हरियाणा के लिए भी गौरव का विषय बताया।
भाजपा के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता ने कहा कि गीता का कर्मयोग आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना हजारों वर्ष पूर्व था। स्वामी ज्ञानानन्द महाराज के नेतृत्व में यह महोत्सव विश्व समुदाय को भारतीय आध्यात्मिक विरासत से जोड? का सशक्त माध्यम बन रहा है।
इससे पूर्व महोत्सव के दौरान गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानन्द के नेतृत्व में हरियाणा सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने जापान की हाउस ऑफ काउंसिलर्स के अंतर्राष्ट्रीय मामलों के विभाग के महानिदेशक मोरी कोकुदो को भी श्रीमद्भगवद्गीता भेंट की। मोरी कोकुदो ने कहा कि आध्यात्मिक साहित्य विश्व में शांति, सद्भाव और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने का प्रभावी माध्यम है।
इसके अतिरिक्त कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के प्रतिनिधिमंडल ने जापान के पूर्व प्रधानमंत्री युकियो हातोयामा से भी मुलाकात कर उन्हें श्रीमद्भगवद्गीता भेंट की। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती मेला प्राधिकरण के सदस्य विजय नरूला, जापान आयोजन समिति के सदस्य अजय नरूला, विनय तथा हरीश पाल भी उपस्थित रहे। युकियो हातोयामा ने इस वर्ष दिसंबर में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान पत्नी सहित कुरुक्षेत्र आने की इच्छा व्यक्त की।
डॉ. अमित अग्रवाल ने बताया कि भारत-जापान मैत्रीपूर्ण संबंधों के विस्तार में गीता महोत्सव का विशेष महत्व है।

## दिनेश गुलाटी ने लोगों को योग की दी शिक्षा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत योग के प्रचार की दिशा में अग्रसर होते हुए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मध्यनजर तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन फव्वारा पार्क सेक्टर 12 ने किया जा रहा है। 19 जून से 21 जून तक आयोजित इस शिविर के पहले दिन मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी ने वहां मौजूद लोगों को योग की शिक्षा दी। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष श्री प्रवीण लाठर ने शिरकत की। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि दिनेश गुलाटी पिछले 20 वर्षों से योग की दिशा में प्रशंसनीय कार्य कर रहे हैं।

# राहुल गांधी के जन्मदिवस पर उमड़ा सेवा का जज्बा

सम्मानित

**कांग्रेस कार्यकताओं ने किया रक्तदान, रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के जन्मदिवस को जिला कांग्रेस कमेटी शहरी करनाल द्वारा सेवा और समर्पण के रूप में मनाया गया। जिला कांग्रेस कमेटी शहरी अध्यक्ष पराग गाबा के नेतृत्व में आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में कांग्रेस कार्यकताओं, युवाओं और समाजसेवियों ने बढ़-चढकर भाग लिया तथा स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता सेवा का संदेश दिया गया।
पराग गाबा ने कहा कि राहुल गांधी देश में प्रेम, भाईचारे और युवाओं के प्रेरणास्त्रोत हैं। उनके जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित करने का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों की सहायता करना और समाज में मानव सेवा की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि रक्तदान ऐसा महादान है, जिससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन मिल सकता है। युवा वर्ग को नियमित रूप से रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए।
कार्यक्रम में मुख्य रूप से करनाल लोकसभा से चुनाव लड़ चुके दिव्यांशु बुद्धिराजा, पूर्व विधायक बख्शीश सिंह विर्क, पूर्व विधायक धर्मपाल गोंदर, जिला उपप्रधान जोगिंद्र वाल्मीकि, दिलशेर डाचर, बिंदर पोसवाल, तरुण चौहान, संगठन महामंत्री ललित आहूजा, प्रवीन पुनिया, राकेश ढाकवाल, सुरेंद्र नम्बरदार सहित अनेक वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।
दिव्यांशु बुद्धिराजा ने कहा कि राहुल गांधी लगातार देश के आम नागरिकों, युवाओं, किसानों और मजदूरों की आवाज को मजबूती से उठाते रहे हैं। उनके जन्मदिवस पर रक्तदान जैसे सेवा कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और युवाओं को सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति प्रेरित करते हैं।

## अवैध हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** सीआईए वन की टीम ने आरोपी अमनदीप उर्फ पहलवान पुत्र जोगिंद्र सिंह निवासी गांव शहर मालपुर, थाना बापौली, जिला पानीपत को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक अवैध पिस्तौल .32 बोर, दो जिंदा कारतूस तथा एक बोलेरो गाड़ी बरामद की गई है।
अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत थाना सदर में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस जांच के दौरान आरोपी द्वारा पूछताछ में यह भी सामने आया कि वह पुरानी रंजिश के चलते अवैध हथियार अपने पास रखता था।
सीआईए वन स्टाफ की टीम ने गुप्त सूचना एवं सतर्क निगरानी के आधार पर इंद्री रोड स्थित कर्ण लेक के नजदीक आरोपी को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक पिस्तौल .32 बोर, दो जिंदा कारतूस तथा एक बोलेरो गाड़ी बरामद की गई। प्रारंभिक जांच में यह भी पता चला है कि आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी हत्या एवं आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज हैं।
टीम द्वारा आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# योग का वास्तविक अर्थ स्वयं के वास्तविक स्वरूप को जानना : डा. अमित पुंज



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सतपाल ने बताया कि 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की श्रृंखला में आज कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में एक विशेष योग सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एसडीएम देवेंद्र शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर इसका शुभारंभ किया और सभी को नियमित योग करने की प्रेरणा दी। कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के निदेशक डॉक्टर एमके गर्ग ने मुख्य अतिथि तथा योग संस्थाओं के प्रतिनिधियों सदस्यों तथा अन्य उपस्थित प्रतिभागियों का स्वागत किया। इस सेमिनार में 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
सेमिनार में आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ तथा हरियाणा योग आयोग करनाल के नोडल अधिकारी डॉ. अमित पुंज ने बताया कि योग का वास्तविक अर्थ स्वयं के वास्तविक स्वरूप को जानना है, 84 लाख 99 हजार 999 योनियों को भोगने के पश्चात हमें मनुष्य जीवन प्राप्त होता है। यह कर्म योनि है, यही अवसर स्वयं के वास्तविक स्वरूप से मिलने का है। योग केवल आसन, प्राणायाम या अच्छी-अच्छी कल्पना करना मात्र नहीं है।
गुरुकुल करनाल की संस्थापिका तथा निर्देशिका डॉ. दीपिका अंगिरा ने योग श्वसन प्रक्रिया का व्यावहारिक अभ्यास कराया और पेट, छाती व कंधों से ली जाने वाली पूर्ण श्वसन क्रिया को विभिन्न मुद्राओं के माध्यम से व्यावहारिक रूप से समझाया।
ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय से आईं बीके दीदी ने सभी प्रतिभागियों को राजयोग मेडिटेशन द्वारा मानसिक शांति के गुर सिखाए।
हार्टफुलनेस ध्यान संस्था से अतुल जैन ने ध्यान का सूक्ष्म अभ्यास कराते हुए तनाव मुक्ति और आंतरिक एकाग्रता के लाभ बताए। डॉक्टर आशीष आर्य ने वृद्धावस्था के लिए निर्धारित विशेष योग प्रोटोकॉल पर व्याख्यान दिया।

# अवैध कॉलोनियों व निर्माणों पर जिला नगर योजनाकार की बड़ी कार्रवाई




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला योजनाकार ने बताया कि ड्यूटी मजिस्ट्रेट व पुलिस की अगुवाई में तीन अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध तोडफोड़ की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान पहली अवैध कॉलोनी सालवन रोड पर स्थित थी, जिसका क्षेत्रफल लगभग 3 एकड़ था। इस कॉलोनी में बनाई गई सभी पक्की सडकों को ध्वस्त किया गया। दूसरी अवैध कॉलोनी सफीदों रोड पर स्थित थी, जिसका क्षेत्रफल लगभग 4 एकड़ था। इस कॉलोनी में बनी सभी कच्ची सडकों तथा डीपीसी को तोड़ा गया।
इसी प्रकार से तीसरी अवैध कॉलोनी असंध बाईपास के पास तहसील की बैक साइड में स्थित थी, जिसका क्षेत्रफल लगभग 0.5 एकड़ था। इस कॉलोनी में बनाई गई सभी डीपीसी को ध्वस्त किया गया। इसके साथ ही सालवन रोड पर स्थित एक अवैध ढाबे को भी गिराया गया।
जिला नगर योजनाकार द्वारा अवैध कॉलोनियों एवं अवैध निमार्णों के खिलाफ लगातार तोडफोड़ अभियान चलाया जा रहा है।

## करनाल में संदिग्ध हालात में मिला व्यक्ति का शव

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** करनाल में आईटीआई चौक के पास एक व्यक्ति का शव मिला है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पहचान न होने पर शव को मोच्युर्री हाउस में रखवा दिया। अगले दिन पहचान होने के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मामले में मौत के कारणों को लेकर पुलिस जांच कर रही है। मृतक की पहचान 50 वर्षीय सर्वेश के रूप में हुई है। वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला था और फिलहाल करनाल में हांसी रोड पर रह रहा था।

# एसआईआर को गंभीरता से लें, ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी : आनंद शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से शुरू किए गए एसआईआर 2026 अभियान की गंभीरता को समझेंए किसी भी बीएलओ की एसआईआर के कार्य में ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही करने वाले बीएलओ के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस अधिनियम के तहत निलंबित करने व एफआईआर दर्ज करवाने का प्रावधान है।



डॉ.आनंद कुमार शर्मा

शुक्रवार को कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज के सभागार में सुपरवाइजरों व ईआरओ के साथ एसआईआर के कार्य की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग व हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग एसआईआर 2026 के तहत मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को लेकर कड़ी नजर रखे हुए हैं और हर सप्ताह वीसी के माध्यम से समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने जिला में करनाल व नीलोखेड़ी विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर के कार्य 60 प्रतिशत से अधिक होने पर, इस कार्य में लगे कर्मचारियों व अधिकारियों की प्रशंसा की और कहा कि अन्य विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ भी घर.घर जाकर फार्म वितरण करने व मतदाता से फार्म भरवाने तथा अपलोड करवाने के कार्य को 21 जून तक हर संभव पूरा करें। इस कार्य में संबंधित सुपरवाइजर बीएलओज का सहयोग करें। उन्होंने ईआरओज को भी निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र की फील्ड में उतरे और एसआईआर के कार्य का औचक निरीक्षण करें तथा अपने बीएलओज को निर्धारित समय अवधि में कार्य पूरा करने के लिए प्रेरित करें।
उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार हरियाणा राज्य में मतदाता सूची के शुद्धिकरण और पारदर्शिता के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की शुरूआत की जा रही है। इस अभियान के तहत 15 जून से 14 जुलाई तक बीएलओ घर.घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। इस दौरान किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से काटा नहीं जाएगा, केवल अपात्र व्यक्ति का नाम नोटिस जारी करने की प्रक्रिया अपनाते हुए मतदाता सूची से हटाया जाएगा।

# वार्ड कमेटियों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 एवं ई-समाधान ऐप का दिया गया प्रशिक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** नगर निगम द्वारा शुक्रवार को स्थानीय पंचायत भवन में दूसरी वार्ड कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार ने की, जबकि मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी श्रुति मिश्रा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। बैठक में विभिन्न वार्डों के वार्ड कमेटी अध्यक्ष, सदस्य एवं सचिव उपस्थित रहे।
बैठक का मुख्य उद्देश्य वार्ड कमेटियों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026, शिकायत निवारण प्रणाली (ई-समाधान ऐप) तथा स्वच्छता संबंधी विषयों पर प्रशिक्षित एवं जागरूक करना था। इस दौरान विषय विशेषज्ञों द्वारा विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 की दी गई जानकारी

प्रशिक्षण सत्र के दौरान वार्ड कमेटियों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इन नियमों की सख्ती से अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। नियमों के तहत स्त्रोत स्तर पर कचरे का पृथक्करण सबसे महत्वपूर्ण पहलू है।
बताया गया कि सर्वोच्च न्यायालय के निदेर्शानुसार कम से कम चार प्रकार के कूड़ेदानों (हरा, नीला, लाल एवं काला) का उपयोग अनिवार्य किया गया है, ताकि विभिन्न प्रकार के अपशिष्ट का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया जा सके। नगर निगम करनाल पहले से ही पांच प्रकार के कचरे को अलग-अलग एकत्रित करने और उसका पृथक्करण सुनिश्चित करने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चला रहा है। वर्तमान में निगम क्षेत्र के लगभग 7 से 8 वार्डों में गीले एवं सूखे कचरे को स्त्रोत स्तर पर ही अलग-अलग एकत्रित किया जा रहा है, जिससे कचरा प्रबंधन व्यवस्था अधिक प्रभावी बन रही है।



**ई-समाधान ऐप से ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया समझाई**

बैठक में शिकायत निवारण प्रणाली ई-समाधान ऐप के उपयोग संबंधी प्रशिक्षण भी दिया गया। वार्ड कमेटी सदस्यों को बताया गया कि इस ऐप के माध्यम से नागरिक विभिन्न नगर सेवाओं से जुड़ी शिकायतें ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। ऐप में 13 प्रमुख श्रेणियां तथा उनकी उप-श्रेणियां निर्धारित की गई हैं।
इसके माध्यम से साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट, सीवरेज, बरसाती पानी की निकासी, जलापूर्ति, संपत्ति कर आई.डी., नाला सफाई सहित अन्य नागरिक सुविधाओं से संबंधित शिकायतें दर्ज कर उनका ऑनलाइन निस्तारण ट्रैक किया जा सकता है। अधिकारियों ने वार्ड कमेटियों से आग्रह किया कि वे नागरिकों को भी इस डिजिटल सुविधा के उपयोग के लिए प्रेरित करें। इस दौरान मौजूद वार्ड कमेटी सदस्यों से उनके मोबाईल फोन में ई-समाधान एप डाउनलोड भी करवाई गई।

सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों पर किया गया जागरूक

बैठक में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को पूरी तरह बंद करने पर विशेष बल दिया गया। उपस्थित सदस्यों को बताया गया कि प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग मानव स्वास्थ्य, पर्यावरण तथा पशुओं के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। प्लास्टिक कचरे के कारण भूमि, जल स्त्रोत एवं प्राकृतिक संसाधन प्रभावित होते हैं, जिससे पर्यावरणीय संतुलन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।
बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार ने कहा कि वार्ड कमेटियां नगर निगम और आमजन के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान, कचरा पृथक्करण तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों में जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए वार्ड कमेटियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।
उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक नागरिक अपने घर से ही गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग देना शुरू कर दे तो शहर की स्वच्छता व्यवस्था में बड़ा सुधार लाया जा सकता है। उन्होंने वार्ड कमेटी सदस्यों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों की जानकारी दें तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करने के लिए प्रेरित करें। मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी श्रुति मिश्रा ने कहा कि नागरिक सहभागिता के बिना किसी भी जनकल्याणकारी योजना या अभियान को सफल नहीं बनाया जा सकता।

# प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की पंजाब में हो रही चर्चाः मुख्यमंत्री सैनी

## आगामी पंजाब विधानसभा चुनाव में खिलेगा कमलः मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

**दावा**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगामी विधानसभा चुनाव में पंजाब में कमल खिलेगा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा,(रणबीर खटक)**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगामी विधानसभा चुनाव में पंजाब में कमल खिलेगा। हरियाणा में डब्बल इंजन की सरकार जो हर वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाएं चला रही है, उसकी चर्चा पंजाब में भी है। पंजाब की वर्तमान सरकार ने केवल बड़ी-बड़ी बातें करके वोट हासिल किये है और अब वहां की सरकार ने पंजाब की जनता को उनके हालात पर छोड़ दिया है, लेकिन पंजाब के लोग विकास चाहते हैं।



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सिरसा के पंचायत भवन में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक के उपरांत मीडिया से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज आमजन भाजपा की कल्याणकारी नीतियों से लाभांवित हो रहे हैं। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि हम गुरुओं की कृपा की वजह से यहां बैठे हैं और जब-जब धर्म पर संकट आया तो महापुरुषों ने देश-धर्म की रक्षा के लिए अपनी पीढ़ियों की कुर्बानियां दी है। पंचकूला में गुरु अर्जन देव का शहीदी दिवस भी मनाया गया ताकि आने वाली पीढ़ियां भी उनके जीवन से प्रेरणा ले सके, जिन्होंने अपने पूरे परिवार को देश व धर्म पर न्यौछावर कर दिया।
नीट की पुनर्परीक्षा को लेकर पूछे गए प्रश्न के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी, उनके लिए निःशुल्क बस सेवा की सुविधा भी दी गई है। मुख्यमंत्री ने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि विपक्ष के लोग केवल राजनीति कर रहे हैं। कांग्रेस के राज में प्रदेश की कानून व्यवस्था का बुरा हाल था।
कानून व्यवस्था को लेकर किसी प्रकार का समझौता नहीं होगा। प्रदेश की सरकार प्रदेश के हर व्यक्ति की सुरक्षा के लिए मजबूती से खड़ी हैं। सरकार जब सेशन बुलाती है तो विपक्ष के लोग भाग जाते हैं, उन्हें सेशन में तो बैठना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए सरकार लगातार बजट दे रही है। ग्राम पंचायतों व पालिकाओं में बजट पहुंचाया गया है। सरकार विकास कार्यों के लिए तीव्र गति से कार्य करवा रही है।

# मुख्यमंत्री ने सिरसा में किया जनकल्याण शिविर का अवलोकन



**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा, (रणबीर खटक)**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने शुक्रवार को केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सिरसा के पंचायत भवन में आयोजित जन कल्याण शिविर का अवलोकन किया। शिविर का मुख्य उद्देश्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को सीधे आम जनता तक पहुंचाना और उन्हें जागरूक करना था। शिविर में स्वास्थ्य, कृषि, समाज कल्याण, महिला एवं बाल सहित विभिन्न विभागों ने अपनी स्टॉल लगाई।मुख्यमंत्री ने शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई विकासात्मक और कल्याणकारी स्टालों का निरीक्षण किया। अवलोकन के दौरान उन्होंने अधिकारियों से विभागों द्वारा दी जाने वाली विभिन्न योजनाओं और उनके क्रियान्वयन की प्रगति के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर उन्होंने मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। केंद्र और राज्य सरकार का एकमात्र लक्ष्य अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का उत्थान करना है। सरकार की नीतियां पारदर्शी हैं और तकनीकी के माध्यम से भ्रष्टाचार पर लगाम लगाते हुए सीधा लाभ लाभार्थियों के खातों में भेजा जा रहा है।
इस अवसर पर उनके साथ उपायुक्त शांतनु शर्मा, पुलिस अधीक्षक सिरसा दीपक सहारण, पुलिस अधीक्षक डबवाली जसलीन कौर, अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, जिलाध्यक्ष भाजपा सिरसा यतिंद्र सिंह एडवोकेट, जिलाध्यक्ष भाजपा डबवाली रेणू शर्मा मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### समाज में भेदभाव और भ्रांतियों को समाप्त कर प्रेम, भाईचारे और सहयोग की भावना को बढ़ावा दें: एडवोकेट अंकित गुप्ता



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** एडवोकेट अंकित गुप्ता ने लोगों से अपील की कि समाज में भेदभाव और भ्रांतियों को समाप्त कर प्रेम, भाईचारे और सहयोग की भावना को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि समय पर उपचार और जागरूकता से अनेक बीमारियों पर नियंत्रण पाया जा सकता है, इसलिए लोगों को स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक रहना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने राम कुष्ठ आश्रम स्थित मंदिर में पूजा-अर्चना कर सभी के अच्छे स्वास्थ्य, सुख और शांति की कामना की। इस अवसर पर कृष्णा श्रद्धा सहयोग समिति के अध्यक्ष सुभाष गुप्ता, सपना सिंगला, सार्थक सिंगला, आदित्य अग्रवाल, आराध्या अग्रवाल, राम कुष्ठ आश्रम के प्रधान साहब राम, राजेंद्र, रुदल पासवान, सदन, सरस्वती, विनोद, गंगा देवी, रीना, जमुना, गोदावरी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर दर्दनाक हादसा, दो की मौत, चार घायल, सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर उठे सवाल

**संवाददाता नूंह मेवात**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** दिल्ली-मुंबई-बड़ौदा एक्सप्रेसवे पर नगीना थाना क्षेत्र के गांव मरोड़ा कट के पास शुक्रवार को हुए भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है। इनोवा कार में कुल छह लोग सवार थे, जो किसी कार्य से दिल्ली गए हुए थे और वापस अपने घर लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि एक्सप्रेसवे पर मरोड़ कट के पास वाहन रुकने के दौरान पीछे से तेज रफ्तार एक बड़े वाहन ने उनकी गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि गाड़ी में सवार विपिन पुत्र शहाबुद्दीन (38 वर्ष), निवासी बवाना, दिल्ली तथा मूसा उर्फ मौसम (45 वर्ष), निवासी तेड जिला नूंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया। विपिन का शव माडीखेड़ा अस्पताल में तथा मूसा उर्फ मौसम का शव नल्हड़ मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रखा गया।
अस्पताल प्रशासन ने भी हादसे में विपिन की मौत की पुष्टि करते हुए

# तनाव से मुक्ति के लिए योग जरूरीः एसडीएम योगेश सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** शुक्रवार को स्थानीय हुड्डा पार्क में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में पायलट रिहर्सल हुई। इस दौरान एसडीएम योगेश सैनी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। रिहर्सल में एसडीएम योगेश सैनी सहित विभिन्न विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों व आमजन ने योगासन किए। योग प्रोटोकॉल की फाइनल रिहर्सल का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ एसडीएम योगेश सैनी ने किया। रविवार 21 जून को सुबह 5.30 बजे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम स्थानीय हुड्डा पार्क में होगा। एसडीएम योगेश सैनी ने कहा कि योग हमें तनाव से मुक्ति दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए हमें प्रतिदिन योग जरूर करना चाहिए। योग युक्त हरियाणा-नशा मुक्त हरियाणा थीम के साथ शुक्रवार की सुबह महेंद्रगढ़ के चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क परिसर में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग प्रोटोकॉल की फाइनल रिहर्सल का आयोजन हुआ। उपमंडल प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों व महेंद्रगढ़ वासियों ने एक साथ योग प्रोटोकॉल फाइनल रिहर्सल में सहभागी बनते हुए योग किया।
एसडीएम योगेश सैनी ने कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों व नागरिकों को कार्यक्रम के आयोजन के उद्देश्य से अवगत कराया और योग को अपने जीवन की दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया।

# मन, विचार और आचरण का स्वस्थ होना भी जरूरीः प्रो. धीमान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्रः** कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि आयुर्वेद केवल शारीरिक रोगों के उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के समग्र स्वास्थ्य की अवधारणा पर आधारित है। उन्होंने कहा कि महर्षि चरक ने सभी रोगों के मूल में अनियंत्रित इच्छाओं को कारण माना है। शारीरिक चिकित्सा के साथ मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य भी उतना ही आवश्यक है। वे शुक्रवार को विश्वविद्यालय के ओल्ड लाइब्रेरी हॉल में आयोजित आयुष विश्वविद्यालय के योग विभाग एवं आयुष विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में आयोजित योग संगोष्ठी में संबोधित कर रहे थे।
कुलपति प्रो. धीमान ने कहा कि मानसिक चिकित्सा के बाद आध्यात्मिक चिकित्सा का महत्व आता है। जब व्यक्ति अध्यात्म की ओर अग्रसर होता है तो उसकी



मानसिक स्थिति मजबूत होती है और वह जीवन की चुनौतियों का बेहतर ढंग से सामना कर पाता है। योग मन और इंद्रियों को नियंत्रित करने का प्रभावी माध्यम है, जिससे शरीर और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं।
प्रो. धीमान ने कहा कि योगासन शरीर को सुदृढ़ और निरोग बनाने में सहायक हैं, लेकिन यदि व्यक्ति वास्तव में मानसिक रूप से स्वस्थ और संतुलित रहना चाहता है तो उसे योग के यम और नियम का पालन करना होगा। उन्होंने कहा कि केवल शरीर की चिकित्सा करना पर्याप्त नहीं है। जब तक मन, विचार और आचरण को भी स्वस्थ नहीं बनाया जाएगा, तब तक चिकित्सा अधूरी रहेगी।
आयुर्वेद और योग का उद्देश्य व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक तीनों आयामों में संतुलन स्थापित करना है।
आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. प्रियंका ने कहा कि योग स्वस्थ जीवन शैली की आधारशिला है। नियमित योगाभ्यास से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, बल्कि तनाव, चिंता और मानसिक विकारों को भी नियंत्रित करने में मदद मिलती है। आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. साक्षी बुटानी ने कहा कि योग और आयुर्वेद एक-दूसरे के पूरक हैं। योग को दैनिक जीवन में अपनाकर व्यक्ति रोगों से बचाव कर सकता है।

# मुख्यमंत्री से मिले प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा, (रणबीर खटक)** प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा ने शुक्रवार को सिरसा आगमन के दौरान पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर शहर की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपते हुए शहर की जर्जर सड़कों, विकास कार्यों में कथित अनियमितताओं तथा बरसाती पानी की निकासी की समस्या पर ध्यान आकर्षित किया।
मुख्यमंत्री ने उनकी बातों को गंभीरता से सुनते हुए उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया।
ज्ञापन में राजकुमार शर्मा ने कहा कि शहर में नई बनी सड़कों को विभिन्न विभागों द्वारा बार-बार उखाड़ा जा रहा है। कभी जनस्वास्थ्य विभाग पाइपलाइन बिछाने के नाम पर सड़कें तोड़ देता है तो कुछ समय बाद नगर परिषद उन्हीं सड़कों को दोबारा खोद देती है। इससे सरकारी धन का लगातार दुरुपयोग हो रहा है और आम जनता को भारी परेशानी झेलनी



पड़ रही है।
उन्होंने बताया कि हिसारिया बाजार, सदर बाजार, रोड़ी बाजार, भादरा बाजार, सर्कुलर रोड, रोड़ी गेट, शिव चौक, अनाज मंडी रोड, बंद गेट, रानियां रोड, घंटाघर चौक, नोहरिया बाजार और जनता भवन रोड सहित शहर की अधिकांश प्रमुख सड़कें बदहाल स्थिति में हैं। इन पर करोड़ों रुपये खर्च होने के दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात इसके विपरीत नजर आते हैं।
बरसाती पानी की निकासी के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर पाइपलाइन बिछाई गई, लेकिन इसके बावजूद पहली ही बारिश में शहर जलमग्न हो जाता है। हर वर्ष बरसाती नालों की सफाई पर लाखों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद कई इलाके टापू में तब्दील हो जाते हैं।

**ज्ञापन सौंपा**

**शहर की जर्जर सड़कों, बरसाती पानी की निकासी की समस्या पर ध्यान आकर्षित किया**

# पंचकूला द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में 314 यूनिट रक्त एकत्रित

**पंचकूला मैनपाल**
अजय कुमार घांघस, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला ने बताया कि आज जगदीप सिंह लोहान, जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण , पंचकूला के मार्गदर्शन में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर ल्रअछरअ के प्रशासनिक भवन, सेक्टर-14, पंचकूला में ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग, PGIMER, चंडीगढ़ के सहयोग से आयोजित किया गया था। इस शिविर को जनता से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली और कुल



314 यूनिट रक्त सफलतापूर्वक एकत्र किया गया।
उन्होंने बताया कि गर्मियों के मौसम में स्वैच्छिक रक्तदान में कमी के कारण अस्पतालों और ब्लड बैंकों को अक्सर रक्त की कमी का सामना करना पड़ता है। मानवीय जरूरतों और 14 जून को मनाए जाने वाले विश्व रक्तदान दिवस को ध्यान में रखते हुए, HALSA ने जरूरतमंद और गंभीर रूप से बीमार मरीजों के लिए, जिन्हें जीवन रक्षक उपचार की आवश्यकता होती है।
, रक्त की पर्याप्त उपलब्धता

# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में बीबीए पाठ्यक्रम शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय शैक्षणिक सत्र 2026-27 से एक नया स्नातक पाठ्यक्रम बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए) प्रारंभ करने जा रहा है। व्यवसाय प्रबंधन के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू किए जा रहे इस कार्यक्रम में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया गुरुवार से प्रारंभ हो गई है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप प्रारंभ किया जा रहा।

# योग भारत की सनातन संस्कृति का वह अमूल्य उपहारः सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा, (रणबीर खटक)**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि योग भारत की सनातन संस्कृति का वह अमूल्य उपहार है, जिसे हमारे ऋषि-मुनियों ने संपूर्ण मानवता के कल्याण के लिए दिया है। हजारों वर्ष पूर्व प्रारंभ हुई योग की यात्रा आज वैश्विक स्वरूप धारण कर चुकी है। योग केवल शारीरिक अभ्यास नहीं, बल्कि शरीर, मन, आत्मा और समाज को जोड?वाली एक संपूर्ण जीवन पद्धति है।
मुख्यमंत्री शुक्रवार को सिरसा के ग्राम बाबा भूमणशाह (संगर सरिस्ता) में स्थित मुख्य धाम बाबा भूमणशाह में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित योग अभ्यास कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। इस दौरान

**योगाभ्यास**

**मुख्यमंत्री ने बाबा ब्रह्मदास महाराज तथा कुरुक्षेत्र से महंत महेश मुनि महाराज को शॉल भेंट किया**

मुख्यमंत्री ने बाबा ब्रह्मदास महाराज तथा कुरुक्षेत्र से महंत महेश मुनि महाराज को शॉल भेंट किया। उन्होंने कहा कि इस पावन धरा पर स्थित आध्यात्मिक चेतना के केंद्र डेरा बाबा भूमणशाह के आश्रम में आकर उन्हें असीम शांति और ऊर्जा की अनुभूति हुई है।
अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि 21 जून को पूरा विश्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने जा रहा है। इसी क्रम में हरियाणा के विभिन्न जिलों में योग अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज योग अंतर्राष्ट्रीय स्वरूप ले चुका है। उनके अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया। उस समय 177 देशों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया था और आज विश्व का लगभग हर देश योग से जुड़ चुका है।
उन्होंने कहा कि न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर से लेकर पेरिस के एफिल टावर तथा टोक्यो से टोरंटो तक योग के माध्यम से भारत की आध्यात्मिक विरासत को सम्मान मिल रहा है। यह भारत की वह शक्ति है, जो तलवार से नहीं बल्कि तपस्या और संस्कृति के बल पर स्थापित हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योगासन को खेल का दर्जा मिला तथा खेलो इंडिया यूथ गेम्स में भी योगासन को शामिल किया गया। प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए संदेश खेलेगा भारत तो खिलेगा भारत और योग की डोज, आधा घंटा रोज आज जन-जन के लिए प्रेरणा स्रोत बने हुए हैं।
मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुखद संयोग है कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। इन वर्षों में भारत ने आधारभूत संरचना, तकनीक और अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है।

# अधिकारी आमजन की शिकायतों का निवारण प्राथमिकता के आधार पर करें सुनिश्चितः मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा,(रणबीर खटक)**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और आमजन की शिकायतों के प्रति उनकी संवेदनशीलता सिर्फ औपचारिक नहीं, बल्कि वास्तविक और सक्रिय है। सिरसा में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में ऐसा ही नजारा देखने को मिला, जहां मुख्यमंत्री ने न केवल शिकायतों को गंभीरता से सुना बल्कि मौके पर ही फोन पर संवाद कर मामलों की गहराई से जानकारी ली और तुरंत निर्णय भी दिए।
बैठक के दौरान दो ऐसे मामले सामने आए जिनमें शिकायतकर्ता स्वयं उपस्थित नहीं थे। इस पर मुख्यमंत्री ने बिना समय गंवाए फोन पर सीधे शिकायतकर्ताओं से बात कर पूरी स्थिति की जानकारी ली।
पहला मामला फतेहपुर जोतांवाली निवासी संजय कुमार का था, जिन्होंने रजवाहे पर साइफन सही तरीके से न लगाए जाने की शिकायत की थी। मुख्यमंत्री ने स्वयं फोन पर संजय कुमार से बातचीत कर पूरे मामले को समझा और तुरंत एसडीएम की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी गठित करने के निर्देश दिए, ताकि निष्पक्ष जांच के साथ समाधान सुनिश्चित हो सके।
दूसरा मामला निर्मल कौर से जुड़ा था, जिनकी ओर से उनके पिता बैठक में उपस्थित हुए थे। शिकायत में बताया गया था कि उनके पति विरेंद्र पाल, जो आयुष विभाग में फार्मासिस्ट थे, उनका फरवरी




2026 में निधन हो गया था, आरोप थे कि उसके बाद उन्हें मिलने वाले लाभ और सहायता प्रदान नहीं की गई। हालांकि बैठक में उपस्थित उनके पिता ने आयुष विभाग द्वारा की गई कार्रवाई पर संतोष जताया। लेकिन, मुख्यमंत्री ने इस मामले में भी सीधे निर्मल कौर से फोन पर बातचीत की। बातचीत के दौरान उन्होंने भी विभाग द्वारा की गई कार्रवाई पर संतोष व्यक्त किया और मुख्यमंत्री का व्यक्तिगत रूप से धन्यवाद भी किया। मुख्यमंत्री की इस प्रकार की जनता के प्रति जवाबदेही वाली कार्यशैली ने स्पष्ट कर दिया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की कार्यशैली में न केवल प्रशासनिक सक्रियता है, बल्कि जनता की समस्याओं को व्यक्तिगत स्तर पर सुनने और समाधान निकालने की गंभीर प्रतिबद्धता भी शामिल है।

**संवाद**

**बैठक के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शिकायतकर्ताओं से सीधा संवाद किया**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को सिरसा के पंचायत भवन में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अधिकारी आमजन की समस्याओं को हल करते हुए शिकायतों का निदान करें। बैठक में 15 शिकायतें सुनवाई के लिए रखी गई जिनमें से 12 शिकायतों का निपटान कर दिया गया और तीन शिकायतें लंबित रखी गई है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शिकायतों की सुनवाई करते हुए विशेष निर्देश भी दिए, उन्होंने कहा कि सीवरेज व सडकों को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त किया जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। शहरी क्षेत्र में जहां सीवरेज लाइन डाल दी गई है वहां जल्द से जल्द सडक बनाने का कार्य शुरू किया जाए।
बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने शिकायतकर्ताओं से सीधा संवाद किया। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बैठक में गांव गंगा निवासी परमजीत सिंह की फर्जी वसीयत संबंधी शिकायत पर अधिकारियों की ओर से बताया गया कि अंगूठा निशान की दो जगह जांच करवाई गई है और दोनों जगह धुंधली होने की वजह से रिपोर्ट का मिलान नहीं हुआ है। मुख्यमंत्री ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद इस शिकायत को अगली बैठक तक लंबित रखने के निर्देश दिए। गांव फतेहपुर जोतांवाली निवासी संजय कुमार की शिकायत जिसमें उन्होंने साइफन को गलत बनाए जाने के मामले में कार्रवाई की मांग थी, मुख्यमंत्री ने इस मामले में संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति गठित करने के निर्देश दिए जो मौके पर जाकर किसानों से बातचीत करेगी तथा इसके तमाम पहलूओं को देखते हुए अगली बैठक में इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।
रानियां के वार्ड नंबर एक निवासी बलवीर राम की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके भाई जगसीर सिंह की मौत के मामले में अगर शिकायतकर्ता कोई तथ्य लेकर आए तो उसे जांच में शामिल किया जाएगा। एडिशनल मंडी सिरसा निवासी हार्दिक गोयल की शिकायत इंडस्ट्रियल एरिया-एक के सर्विस इंडस्ट्री शॉप के नक्शे के पेवमेंट एवं पार्किंग का नाप सही रुप से नहीं दिए जाने के संबंध में मुख्यमंत्री ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण व नगर परिषद के अधिकारियों से जवाब तलब किया। उन्होंने दोनों विभागों के अधिकारियों से संतोषजनक उत्तर न मिलने पर इस मामले में संलिप्तों की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्य को लेकर जो टेंडर हुआ है उस पर जल्द काम शुरू किया जाए।

# नरेला में 3 दिवसीय जन कल्याण शिविर आयोजित, एक छत के नीचे मिलेंगी सभी सरकारी सुविधाएं





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** नरेला क्षेत्रवासियों की सुविधा के लिए व मोदी सरकार के 12 साल पूरे होने के मौके पर दिल्ली सरकार द्वारा सामुदायिक भवन, पंजाबी कॉलोनी में तीन दिवसीय जन कल्याण शिविर का आयोजन किया गया, यह शिविर 18, 19 व 20 जून तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक राजकरण खत्री ने भी शिरकत की, इस अवसर पर दिल्ली प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष सुनीता कांगड़ा, पूर्व चेयरमैन नरेला जोन सुनीत चौहान, मनोनीत निगम पार्षद लक्ष्मण आर्य, एसडीएम आदित्य झा, भाजपा नेता सुरेश खत्री सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

**एक छत के नीचे मिलेंगे कई सुविधाएं**

आपको बतादें की इस शिविर में आयुष्मान भारत कार्ड, वृद्धा, विधवा, दिव्यांग पेंशन, राशन कार्ड, जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड अपडेट, लेबर कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित अन्य सरकारी मामलों से जुड़े कार्यों का मौके पर ही निस्तारण किया जाएगा। जिसमें संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी शिविर में मौजूद रहेंगे। इस मौके पर विधायक ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में पहुंचकर योजनाओं का लाभ उठाएं।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आयोजित तीन दिवसीय जन कल्याण शिविर क्षेत्रवासियों के लिए वरदान साबित हो रहा है। शिविर में पहले दिन ही सैकड़ों लोगों ने आयुष्मान कार्ड, पेंशन, राशन कार्ड व प्रमाण पत्रों से जुड़े अपने कार्य करवाए। तो वहीं भाजपा नेता पंकज गुप्ता ने बताया कि जनता की परेशानी को देखते हुए यह शिविर लगाया गया है। हमारा लक्ष्य है कि नरेला का कोई भी नागरिक सरकारी सुविधा के लिए भटके नहीं। शिविर 20 जून तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि विधायक राजकरण खत्री ने ठाना है कि नरेला में कोई लाइन में नहीं लगेगा, कोई दलाल के पास नहीं जाएगा, अब नरेला वासियों के घर सरकारी दफ्तर खुद चलकर आया है। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनकल्याण और सेवा के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित इस शिविर के माध्यम से विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नरेला विधानसभा के प्रत्येक नागरिक तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना तथा उनकी समस्याओं के समाधान हेतु निरंतर कार्य करना हमारी प्राथमिकता है।

## डेढ़ साल के मासूम के अपहरण का मामला सुलझा, आठ गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से डेढ़ साल के मासूम के अपहरण ने एक मां की खुशियां छीन ली थीं, लेकिन दिल्ली पुलिस की रेलवे यूनिट ने तेज और सटीक कार्रवाई करते हुए न सिर्फ बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया, बल्कि बच्चों की तस्करी करने वाले पूरे गिरोह का भी भंडाफोड़ कर दिया। 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर और कई राज्यों में छापेमारी कर पुलिस ने आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों में की पहचान शिवा उर्फ गौरव (24), धर्मेंद्र (36), अकील (28), प्रीति शर्मा (36), पूजा (34), आरती (38), विशाल (19) और जिया (26) के रूप में हुई है। रेलवे पुलिस उपायुक्त भरत रेड्डी ने बताया कि आरोपितों को एसीपी राजेश कुमार और संजय भारद्वाज की देखरेख में नई दिल्ली रेलवे एसएचओ विश्वनाथ पासवान के नेतृत्व में इंस्पेक्टर याकूब खान सहित अन्य पुलिसकर्मी की टीम ने पकड़ा है। पुलिस के अनुसार मामला 24 मई 2026 का है। गाजियाबाद की रहने वाली एक महिला अपने डेढ़ साल के बेटे के साथ नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के मुख्य हॉल में रह रही थी।

## निगम के विद्यार्थियों के लिए तारामंडल, पीएम संग्रहालय भ्रमण कार्यक्रम का शुभारंभ



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम मन की बात में युवाओं एवं बच्चों को तारामंडल (प्लेनेटेरियम) का भ्रमण करने तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में देश की उपलब्धियों और प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया था। प्रधानमंत्री की इसी प्रेरणा को आगे बढ़ाते हुए दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही ने दिल्ली नगर निगम के प्राथमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए तारामंडल एवं प्रधानमंत्री संग्रहालय भ्रमण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर महापौर प्रवेश वाही ने कहा कि दिल्ली नगर निगम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों को व्यावहारिक एवं अनुभवात्मक शिक्षा के अवसर भी उपलब्ध कराए जाने चाहिए। इसी उद्देश्य से निगम विद्यालयों के विद्यार्थियों को तारामंडल एवं प्रधानमंत्री संग्रहालय का भ्रमण कराया जा रहा है।

महापौर प्रवेश वाही ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को तारामंडल की विशेषताओं, अंतरिक्ष विज्ञान की रोचक जानकारियों तथा विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में भारत की निरंतर प्रगति के बारे में जानने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति बच्चों में जिज्ञासा और वैज्ञानिक सोच विकसित करना समय की आवश्यकता है। साथ ही प्रधानमंत्री संग्रहालय के भ्रमण से विद्यार्थियों को देश के सभी प्रधानमंत्रियों के योगदान, उनके नेतृत्व में हुए महत्वपूर्ण राष्ट्रीय विकास कार्यों तथा भारत की प्रगति की ऐतिहासिक यात्रा को समझने में सहायता मिलेगी। महापौर प्रवेश वाही ने कहा कि दिल्ली नगर निगम भविष्य में भी विद्यार्थियों के लिए इस प्रकार के शैक्षणिक, प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर करता रहेगा, ताकि उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ व्यापक ज्ञान और अनुभव भी प्राप्त हो सके।

दिल्ली नगर निगम की शिक्षा समिति के अध्यक्ष योगेश वर्मा ने बताया कि दिल्ली नगर निगम देश की पहली ऐसी शैक्षणिक संस्था बनी है जिसने प्रधानमंत्री के इस संदेश को धरातल पर उतारते हुए निगम विद्यालयों के बच्चों को तारामंडल का भ्रमण कराने की पहल की है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री संग्रहालय भी दिखाया गया, जहाँ भारत के सभी प्रधानमंत्रियों के जीवन, उनके योगदान और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका से संबंधित विस्तृत एवं प्रेरणादायक जानकारी उपलब्ध है। योगेश वर्मा ने कहा कि निगम विद्यालयों में अध्ययनरत अधिकांश विद्यार्थी ऐसे परिवारों से आते हैं जिनकी पहुँच सामान्यतः इस प्रकार के ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक कार्यक्रमों तक नहीं हो पाती। ऐसे में यह भ्रमण उनके लिए एक अनूठा और अविस्मरणीय अनुभव सिद्ध हुआ है।

# आप के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने थामा कांग्रेस का दामन, कांग्रेस में हुआ जोरदार स्वागत






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में आम आदमी पार्टी के सैंकड़ों सक्रिय कार्यकर्ताओं और समर्थकों के कांग्रेस पार्टी में शामिल होने का स्वागत किया। इन कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की विचारधारा, जनहित की राजनीति और जनता के मुद्दों पर निरंतर संघर्ष से प्रभावित होकर कांग्रेस का दामन थामा है। मंच का संचालन महासचिव संगठन अनिल भारद्वाज ने किया। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने पार्टी में शामिल हुए सभी साथियों का स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा से लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक न्याय और जनसेवा की राजनीति में विश्वास करती रही है। पार्टी में शामिल होने वाले सभी कार्यकर्ताओं को पूरा सम्मान दिया जाएगा और दिल्ली की जनता के हितों के लिए मिलकर संघर्ष किया जाएगा तथा कांग्रेस की विचारधारा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के दिखाए रास्ते पर मिलकर कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने के लिए काम करेंगे। शामिल लोगों ने संकल्प लिया कि भविष्य में सिर्फ कांग्रेस में रहकर काम करेंगे, भटक कर कभी किसी पार्टी में नही जाऐंगे। देवेन्द्र यादव ने कांग्रेस में शामिल आम आदमी पार्टी के सभी नेताओं को कांग्रेस का पटका पहनाकर उनका स्वागत किया। यादव ने आम आदमी पार्टी की लीगल टीम के विधानसभा अध्यक्ष दिलशाद खान, वार्ड 225 सीलमपुर से 2022 निगम चुनाव मे आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी मुमताज रियाजुद्दीन, निगम चुनाव मे पूर्व स्वतंत्र उम्मीदवार मौहम्मद अयुब मसूदी, मंडल अध्यक्ष आस मौहम्मद, आरीफ खान, रियाजुद्दीन खान और जाहिद को पार्टी में शामिल कर घर वापसी कराई क्योंकि किन्ही निजी कारणों से यह सब आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए थे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के अलावा पूर्व मंत्री डा0 नरेन्द्र नाथ, महासचिव संगठन अनिल भारद्वाज, प्रदेश उपाध्यक्ष जगजीवन शर्मा, आभा चौधरी, सीपी मित्तल, जिला अध्यक्ष राजकुमार जैन, इंद्रजीत सिंह, अमनदीप सिंह सूदान, महासचिव डा0 पीके मिश्रा, विनित यादव,प्रमोद जयंत आदि प्रमुख रुप से मौजूद थे।

## अदालतों में महिला वकीलों के लिए बुनियादी सुविधाओं को लेकर केंद्र और राज्य सरकारों को नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने देशभर की अदालतों में महिला वकीलों के लिए बुनियादी सुविधाओं का अभाव और युवा वकीलों के समक्ष आर्थिक चुनौतियों को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए केंद्र और राज्य सरकारों को नोटिस जारी किया है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा कि कानूनी पेशे में महिलाओं की भागीदारी तो बढ़ी है लेकिन कई अदालत परिसरों में उनके बैठने के लिए उचित बार रुम, साफ वाशरुम, चेंजिंग रूम और बच्चों की देखभाल के लिए नर्सिंग रूम जैसी बुनियादी सुविधाएं नदारद हैं। मामले की अगली सुनवाई 17 जुलाई को होगी।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि महिलाओं का इस पेशे में आना संतोष की बात है। यह सभी का कर्तव्य है कि उनके लिए अनुकूल और गरिमापूर्ण माहौल तैयार किए जाएं। याचिका छह महिला वकीलों ने दायर की है। याचिकाकताओं ने देश के कई अदालत परिसरों में किए गए सर्वे को आधार बनाकर याचिका दाखिल की है। याचिका में हर कोर्ट में लेडीज बार रुम और जूनियर वकीलों के लिए यंग लॉयर्स प्रोफेशनल असिस्टेंस फंड बनाने की मांग की गई है।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सुझाव दिया कि यंग लॉयर्स प्रोफेशनल असिस्टेंस फंड सफल और वरिष्ठ वकीलों की ओर से दिए गए दान, सरकार के पास जमा होने वाली कोर्ट फीस के एक हिस्से से बनाया जा सकता है। इसके अलावा अदालती कार्यवाही में लगाए गए जुमार्ने की रकम को भी इस फंड के लिए जमा करवाया जा सकता है।

## सीएम ने की तिहाड़ और मंडोली जेलों में तैनात 39 डॉक्टरों के स्थानांतरण की सिफारिश



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने तिहाड़ और मंडोली जेलों में लंबे समय से तैनात चिकित्सकों के स्थानांतरण की सिफारिश उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू से की है। मुख्यमंत्री की सिफारिश के अनुसार तिहाड़ और मंडोली जेलों में 5 वर्ष या उससे अधिक समय से कार्यरत 39 डॉक्टरों का स्थानांतरण प्रस्तावित है। इनमें विशेषज्ञ चिकित्सक और जनरल ड्यूटी मेडिकल अधिकारी (जीडीएमओ) दोनों शामिल हैं।

जानकारी के मुताबिक इनमें से कई चिकित्सक वर्ष 2014 से लगातार एक ही स्थान पर तैनात हैं। उनकी सेवा अवधि 11 वर्ष से अधिक हो चुकी है। प्रस्ताव के अनुसार इन डॉक्टरों के स्थान पर लगभग 35 अन्य चिकित्सकों की तैनाती भी प्रस्तावित है। इस प्रकार कुल मिलाकर लगभग 74 स्थानांतरण प्रस्तावित हैं। मुख्यमंत्री का मानना है कि नियमित मानव संसाधन प्रबंधन और समय-समय पर पदस्थापन की समीक्षा से स्वास्थ्य सेवाओं की कार्यक्षमता बढ़ाने में सहायता मिलेगी। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि दिल्ली सरकार स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न इकाइयों को अधिक सक्षम, उत्तरदायी और जनहित केंद्रित बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य उपलब्ध मानव संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करना तथा संस्थागत क्षमता को मजबूत करना है ताकि नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो सकें। स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रशासनिक सुधार, संसाधनों का संतुलित उपयोग और जवाबदेही आधारित कार्य संस्कृति आवश्यक है। इसी दृष्टिकोण के तहत विभिन्न संस्थानों में मानव संसाधनों की तैनाती की समीक्षा की जा रही है और आवश्यकता के अनुरूप सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसी क्रम में हाल ही में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत कार्यरत केंद्रीय खरीद एजेंसी (सीपीए) में व्यापक स्तर पर मानव संसाधनों का पुनर्गठन किया गया था, जिसके तहत 40 से अधिक मेडिकल, पैरामेडिकल और प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्थानांतरण किया गया।

साथ ही विभिन्न अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों से अनुभवी चिकित्सा अधिकारियों की तैनाती कर खरीद, आपूर्ति और प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य स्वास्थ्य विभाग की प्रत्येक इकाई में आवश्यक मानव संसाधन उपलब्ध कराना, संस्थागत क्षमता को सुदृढ़ बनाना तथा उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करना है।

## निगम द्वारा 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग कार्यक्रम का आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया**
**नईदिल्ली:** 12वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में दिल्ली नगर निगम के मुख्यालय, सिविक सेंटर के प्रांगण में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा, निदेशक आयुष विभाग दिल्ली नगर निगम हरीश कश्यप एवं दिल्ली नगर निगम के अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस वर्ष के योग दिवस की थीम योग फॉर हेल्दी एजिंग है।
दिल्ली नगर निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों में योग के प्रति जागरूकता फैलाना और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना था। योग सत्र का शुभारंभ प्रातःकाल सूर्य नमस्कार से हुआ, जिसके उपरांत विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान क्रियाएं कराई गईं।
स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने इस अवसर पर नागरिकों से अपील की कि वो अच्छे स्वास्थ्य के लिए योग से जुड़ें एवं अपने परिवारों को भी जोड़ें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों की वजह से योग को अंतरराष्ट्रीय पटल पर ख्याति मिली है एवं विश्व के 180 से भी ज्यादा देशों में योग को नई पहचान मिली है।
सत्या शर्मा ने कहा कि योग हमारी संस्कृति एवं परंपरा से जुड़ा प्राचीन शास्त्र है। उन्होंने कहा कि हम रोजमर्रा की दिनचर्या का हिस्सा बना कर अपने स्वास्थ्य का अच्छे से ध्यान रख सकते हैं।
इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 की थीम है ' योग फॉर हेल्दी एजिंग'। अर्थात योग को हम अपने जीवन में आत्मसात करके बढ़ती उम्र में होने वाले रोगों से बचकर एक स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। दिल्ली नगर निगम योग के प्रचार एवं प्रसार के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है एवं नागरिकों के मध्य इसे लोकप्रिय बनाने के लिए प्रयासरत है।

## कांग्रेस ने राहुल गांधी के जन्मदिन पर मेगा रोजगार मेले का किया आयोजन

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन पर तालकटोरा स्टेडियम में मेगा रोजगार मेला का आयोजन किया। इस मेले में 150 से अधिक अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर की कंपनियों ने अपने-अपने स्टाल लगाकर युवाओं के साक्षात्कार करके उनकी योग्यता अनुसार मौके पर ही 6500 से अधिक युवाओं को नौकरी के लिए नियुक्त किया।

कंपनियों ने सैंकड़ों युवाओं को दूसरे साक्षात्कार के लिए भी बुलाया है। यह जानकारी प्रदेश कांग्रेस ने विज्ञप्ति जारी करके दी।

## शिक्षा निदेशक से जीएसटीए ने की मुलाकात, शिक्षकों के मुद्दों पर हुई चर्चा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** गवर्नमेंट स्कूल टीचर्स एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल महासचिव अजय वीर यादव के नेतृत्व में शिक्षा निदेशक से मिला तथा शिक्षकों एवं विद्यालयों से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में हाल ही में जीएसटीए द्वारा प्रस्तुत सुझाव एवं प्रतिनिधित्व पत्र पर भी विचार-विमर्श हुआ। बैठक के उपरांत यादव ने बताया कि शिक्षकों द्वारा विभागीय निर्देशों के अनुसार खरीदी गई टैबलेट तथा डेटा व्यय के लंबित भुगतान का विषय प्रमुखता से उठाया गया। शिक्षा निदेशक महोदया ने आश्वस्त किया कि सरकार से आवश्यक स्वीकृति प्राप्त होने के उपरांत भुगतान की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। नई स्थानांतरण नीति के संबंध में निदेशक ने कहा कि नीति को पूर्णतः पारदर्शी, निष्पक्ष एवं शिक्षक हितैषी बनाया जाएगा तथा वर्तमान शैक्षणिक सत्र में भी स्थानांतरण का अवसर प्रदान करने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही लंबित एमएसीपी एवं पदोन्नति मामलों के शीघ्र निस्तारण हेतु सभी जिला उपनिदेशकों को आवश्यक निर्देश जारी किए जाएंगे। बैठक में यह भी सहमति बनी कि सभी शिक्षकों को उनकी प्रमाणित सेवा पुस्तिका की प्रति समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराने के लिए विद्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया जाएगा। प्रशासनिक आधार पर शिक्षकों के स्थानांतरण संबंधी प्रधानाचार्यों की संस्तुतियों की मुख्यालय स्तर पर समीक्षा की जाएगी तथा प्रभावित शिक्षकों का पक्ष भी निष्पक्ष रूप से सुना जाएगा।

# ग्रामीणों की सुविधा के लिए ई-रिक्शा सेवा का विधायक कृष्णा गहलावत ने किया शुभारंभ

**शुभारंभ**

**ग्रामीणों की जरूरतों को समझते हुए अंकित मुरथल ने की दो ई रिक्शा सुविधा की सेवा शुरू**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई।** विधायक कृष्णा गहलावत ने शुक्रवार को गांव मेंहदीपुर, नांदनोर एवं असदपुर के ग्रामीणों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से समाजसेवी अंकित मुरथल द्वारा दो ई-रिक्शा सेवा का शुभारंभ किया गया। ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे जनहित का सराहनीय कदम बताया।




विधायक कृष्णा गहलावत ने अपने संबोधन में कहा कि ई रिक्शा सुविधा का सीधा संबंध लोगों के दैनिक जीवन से होता है।
गांवों के विद्यार्थी, महिलाएं, बुजुर्ग को छोटे-छोटे कार्यों के लिए आने-जाने में परेशानी नही होगी। ऐसे में ई-रिक्शा सेवा शुरू होना निश्चित रूप से लोगों के लिए लाभदायक साबित होगा। उन्होंने अंकित मुरथल के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि समाज सेवा के लिए आगे आने वाले लोग समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य करते हैं।
अंकित मुरथल ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल ई-रिक्शा सेवा शुरू करना नहीं, बल्कि ग्रामीणों की जरूरतों को समझते हुए उनकी सुविधा के लिए कार्य करना है। उन्होंने कहा कि समाज के लिए किए गए छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े बदलाव का कारण बनते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि यह सेवा ग्रामीणों के लिए उपयोगी साबित होगी तथा भविष्य में भी जनहित के कार्य निरंतर जारी रहेंगे। उपस्थित लोगों ने इस पहल की प्रशंसा की। इस

# विधायक कृष्णा गहलावत ने गांव असदपुर में सामुदायिक हॉल का उद्घाटन किया

**उद्घाटन**

**चहुंमुखी विकास और लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान उनकी प्राथमिकताः गहलावत**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राई ।** विधायक कृष्णा गहलावत ने शुक्रवार को राई विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क और विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से कई विकास कार्यों का उद्घाटन किया और ग्रामीणों, कार्यकताओं और महिलाओं से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। दौरे के दौरान विधायक सबसे पहले गांव असदपुर पहुंचीं और सामुदायिक हॉल का उद्घाटन किया गया। गांव के सरपंच मुकेश शर्मा व ग्रामीणों ने विधायक का स्वागत करते हुए विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। विधायक कृष्णा गहलावत ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र का चहुंमुखी विकास और लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। इसके बाद विधायक गांव मुकीमपुर पहुंचीं, जहां पार्टी कार्यकताओं के साथ बैठक कर क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर असदपुर के सरपंच मुकेश शर्मा, मेंहदीपुर के सरपंच, मार्केटिंग बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष कुलदीप नांगल, भाजपा नेता जेपी रेवली, नरेश रोहिल्ला, दीपक आंतिल, कृष्ण मुरथल, अनिल सरपंच नांगल कला, संदीप टीकोला सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व कार्यकर्ता मौजूद थे ।

## न्यूज फ्लैश

### देशवासियों के आर्थिक विकास, सुरक्षा व सांस्कृतिक गौरव के संकल्प पर पूरा कर रहे हैं प्रधानमंत्री : कैलाश सैनी



**लाडवा ,19 जून (विजय कौशिक)** : मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से आर्थिक विकास, राष्ट्रीय सुरक्षा और सांस्कृतिक गौरव को मजबूत करने का संकल्प लिया था जो अब पूरा होता नजर आ रहा है। पिछले 12 वर्षों में इन सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं, जिनका परिणाम आज पूरे देश के सामने है। वर्ष 2014 में भारत विश्व की अर्थव्यवस्थाओं में 11वें स्थान पर था, जबकि आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और जल्द ही तीसरे स्थान पर पहुंचने की ओर अग्रसर है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व, मजबूत आर्थिक नीतियों और देशवासियों के सहयोग का परिणाम है।

मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी शुक्रवार को बाबैन की मार्केट कमेटी के सभागार में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर आयोजित जन कल्याण शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर बोल रहे थे। उन्होंने जन कल्याण शिविर का उद्घाटन किया। इसके उपरांत प्रशासन के विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन कर योजनाओं की जानकारी हासिल की।
प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर कार्य कर रही हैं तथा आने वाले वर्षों में भारत विश्व के अग्रणी देशों में अपनी मजबूत पहचान स्थापित करेगा।
उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सरकारी नीतियों व जनकल्याणकारी योजनाओं पर जन कल्याण शिविर में बोल रहे थे। प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में भी भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है। पहले देश अपनी रक्षा आवश्यकताओं के लिए बड़े पैमाने पर विदेशों पर निर्भर था, लेकिन आज मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत भारत रक्षा उपकरणों और सैन्य तकनीक के निर्माण में आत्मनिर्भर बन रहा है। देश में निर्मित रक्षा उपकरणों का निर्यात भी लगातार बढ़ रहा है, जिससे भारत की वैश्विक पहचान और मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत अभियान और डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम किया है। सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, चेयरमैन जसविंदर जस्सी, सचिव गुरमीत सैनी, सरपंच संजीव सिंह गोल्डी, गुरविंदर सिंह, बख्तावर सिंह, गुरदेव सिंह, रिंकू शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### नाबालिग पर जानलेवा हमला करने का आरोप, घायल युवक की हालत गंभीर

गन्नौर । गांव टेहा में आपसी विवाद के चलते एक युवक पर धारदार वस्तु से हमला करने के आरोप में पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी । घटना में घायल युवक की हालत गंभीर बनी हुई है और उसे उपचार के लिए रोहतक पीजीआई में भर्ती कराया गया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव टेहा निवासी प्रशांत ने बताया कि उसकी एक युवक से दोस्ती थी और इसी दौरान उसकी बहन को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई थी। शिकायत के अनुसार तीन जून की शाम करीब छह बजे वह अपने दोस्त तरुण के साथ घर के पीछे घूमने गया था। आरोप है कि उसी दौरान सामने से आए एक नाबालिग युवक ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और बर्फ तोड़ने वाले सूए जैसे धारदार हथियार से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने के बाद आरोपी मौके से जाते समय जान से मारने की धमकी देकर चला गया।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर नई अनाज मंडी में पायलट रिहर्सल आयोजित

**गन्नौरः** नई अनाज मंडी में 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में प्रशासन द्वारा शुक्रवार को पायलट रिहर्सल का आयोजन किया गया। रिहर्सल में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा योग सहायकों ने भाग लिया और योग प्रोटोकाल का अभ्यास किया। शिविर में विधायक देवेंद्र कादियान बतौर मुख्यातिथि शामिल होंगे। योग दिवस की तैयारियों को लेकर तहसीलदार ललिता दलाल ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नोडल इंचार्ज डा. मनीष शर्मा ने



योग दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी प्रतिभागियों से अधिक से अधिक लोगों को कार्यक्रम से जोड़ने का आह्वान किया। इसके बाद सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने योग व प्राणायाम किया। योग सहायकों जीतराम, वीरेंद्र, रीना, सीमा, प्रमिला और सुनील सहित अन्य प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। रिहर्सल में डा. पुनीत गांधी, डा. ज्योति मान, डा. दिनेश तथा डा. धामा भी मौजूद रहे।

# वेयर हाउस से शराब की 280 पेटियां गायब, मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** गन्नौर स्थित एक भंडारण केंद्र (वेयर हाउस) से महंगी विदेशी शराब की 280 पेटियां गायब होने का मामला सामने आया है। शिकायत मिलने के बाद गन्नौर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कंपनी प्रबंधन ने प्राथमिक जांच में अपने ही किसी कर्मचारी पर चोरी का संदेह जताया है। पुलिस को दी शिकायत में महाप्रबंधक ब्रजेश सक्सेना ने बताया कि वह गन्नौर स्थित भंडारण केंद्र में कार्यरत हैं, जहां विभिन्न कंपनियों का सामान रखा जाता है। उन्होंने बताया कि उनके एक ग्राहक का सामान भी यहां रखा जाता है। प्रत्येक माह एक से दस तारीख के बीच रखे गए सामान की जांच की जाती है। शिकायत में बताया कि मई माह में कंपनी की ओर से सामान की मांग आने पर भंडारण केंद्र प्रभारी रतन सिंह ने भंडारित सामान की जांच की। जांच के दौरान विदेशी शराब की 280 पेटियां गायब मिलीं। प्रत्येक पेटी में 700 मिलीलीटर की छह बोतलें रखी हुई थीं। कंपनी स्तर पर आंतरिक जांच और खोजबीन के बावजूद गायब हुई शराब के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी। शिकायतकर्ता ने अप्रैल से मई 2026 के बीच किसी कर्मचारी द्वारा चोरी किए जाने की आशंका जताई है।

# ढाई माह से लापता युवक की तलाश को लेकर मां ने पुलिस से लगाई गुहार

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** गन्नौर क्षेत्र में एक युवक के करीब ढाई माह से लापता होने का मामला सामने आया है। युवक की मां ने गन्नौर थाना पुलिस को शिकायत देकर बेटे की तलाश कराने और उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में रुखसाना ने बताया कि वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के गांव झुड़पुर की रहने वाली हैं। उनके पति का करीब 12 वर्ष पहले निधन हो चुका है। वह पिछले चार वर्षों से गन्नौर में रह रही हैं और वर्तमान में पुरानी गन्नौर मंडी क्षेत्र में किराये के मकान में निवास कर रही हैं। शिकायत के अनुसार उनका बड़ा पुत्र शौकीन शादीशुदा है और उसकी अपनी पत्नी के साथ काफी समय से अनबन चल रही थी। करीब तीन महीने पहले वह घर छोड़कर चला गया था और कुछ दिन बाद वापस लौट आया था। लेकिन पत्नी से दोबारा विवाद होने के बाद वह घर से यह कहकर चला गया कि उसकी चिंता करने की जरूरत नहीं है और वह स्वयं वापस आ जाएगा। परिजनों के अनुसार अब करीब ढाई महीने बीत चुके हैं, लेकिन युवक घर नहीं लौटा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य करतेः कृष्णा

**--- गांव नांगल कला में विशाल भंडारे में पहुंचीं विधायक कृष्णा गहलावत**

**राई ।** विधायक कृष्णा गहलावत ने गांव नांगल कला में सरपंच अनिल द्वारा आयोजित विशाल भंडारे एवं रागनी कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। विधायक गहलावत का ग्रामीणों और आयोजकों द्वारा स्वागत किया गया। विधायक कृष्णा गहलावत ने भगवान का आशीर्वाद प्राप्त कर प्रसाद ग्रहण किया उन्होंने लोगों से क्षेत्र की समस्याओं और विकास कार्यों को लेकर भी चर्चा की। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से लोगों के बीच प्रेम, भाईचारा और सामाजिक समरसता मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को सुनना और उनका समाधान करना उनकी प्राथमिकता है। गांव के सरपंच अनिल ने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज को जोड़ने का माध्यम होते हैं और ऐसे कार्यक्रमों से लोगों में आपसी सद्भाव बढ़ता है। उन्होंने कहा कि गांव के विकास और लोगों की सेवा के लिए वे हमेशा तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर विभिन्न गांवों के गणमान्य व्यक्ति, पंच, सामाजिक कार्यकर्ता ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सोरभांचल जैन तीर्थ का 20वां वार्षिक उत्सव आज

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौरः** जीटी रोड स्थित श्री दिगंबर जैन तीर्थ क्षेत्र सौरभांचल में 20वां स्थापना दिवस एवं वार्षिक उत्सव 20 जून को मनाया जाएगा। दिगंबर जैन तीर्थ सौभांचल समिति के प्रधान पुष्पेंद्र जैन ने बताया कि इस अवसर पर 20वें तीर्थंकर मुनिसुव्रतनाथ भगवान का पहली बार महामस्तकाभिषेक होगा। साथ ही श्रुत पंचती महामहोत्सव के अवसर पर मां जिनवाणी विधान और षटखंडागम ग्रंथराज का पालना सजाया जाएगा। आयोजन आचार्य श्री 108 सौरभ सागर जी महाराज के मार्गदर्शन में संपन्न होगा।

# समाधान शिविर में शिकायत पहुंचने पर खुली विभागीय

**लीकेज**

**पिछले करीब छह माह से पेयजल सप्लाई लाइन में लीकेज की समस्या बनी हुई थी।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौरः** बसंत विहार कालोनी की निरंकारी सत्संग भवन वाली गली में पिछले करीब छह माह से पेयजल सप्लाई लाइन में लीकेज की समस्या बनी हुई थी। लगातार पानी के रिसाव से स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, लेकिन कई बार शिकायत करने के बावजूद जनस्वास्थ्य



विभाग ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। स्थानीय निवासियों के अनुसार विभाग ने मरम्मत के नाम पर गली को उखाड़ दिया था। लीकेज की जांच के लिए गड्ढा भी खोदा गया, लेकिन बाद में अधिकारियों ने नाला लीक होने की बात कहकर गड्ढे को वापस भरवा दिया। इस दौरान पानी का रिसाव लगातार जारी रहा, जिससे आसपास के मकानों में सीलन आने लगी और लोगों की परेशानी बढ़ती गई। समस्या का समाधान नहीं होने पर स्थानीय दुकानदार डा. अतर सिंह ने समाधान शिविर में एसडीएम को शिकायत देकर स्थाई समाधान की मांग की। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए और मौके पर जांच कराने को कहा। इसके बाद विभाग की टीम ने दोबारा गड्ढा खुदवाकर जांच की। जांच में पेयजल सप्लाई लाइन तीन स्थानों से लीक मिली। इसके बाद विभाग के कर्मचारियों ने मरम्मत कार्य शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि समस्या का स्थायी समाधान किया जाए ताकि भविष्य में उन्हें इस तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# निमार्णाधीन मकान से चोरी, 70 हजार रुपये के नुकसान का मामला दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** गन्नौर के जीटी रोड स्थित डिवाइन सिटी कॉलोनी में निमार्णाधीन मकान से चोरी और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में रणबीर देशवाल ने बताया कि उनका मकान नंबर बी-154 डिवाइन सिटी में स्थित है, जिसका निर्माण कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि 10 जून को जब वह अपने मकान पर पहुंचे तो मकान के सामने बने स्टोर का ताला टूटा हुआ मिला। इसके बाद उन्होंने स्टोर की जांच की तो वहां से नई डेढ़ हॉर्स पावर की पानी की मोटर सहित अन्य कीमती सामान गायब मिला। उन्होंने बताया कि इसके बाद निमार्णाधीन मकान की जांच करने पर दो कमरों में वातानुकूलन यंत्र लगाने के लिए बिछाई गई विद्युत तारों और तांबे की पाइपों को काटकर क्षतिग्रस्त किया गया था। शिकायत में बताया कि उन्हें करीब 70 हजार रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। पहले भी चोरी की घटनाएं सामने आती रही हैं।

# निरोगी तन, निर्मल मन और जागृत आत्मा के संदेश संग

**अभियान**

**- एक व्यापक योग एवं आध्यात्मिक चेतना अभियान का आयोजन कर रहा है।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** निरोगी तन, निर्मल मन और जागृत आत्माष के पावन संकल्प को साकार रूप देते हुए संत निरंकारी मिशन ष्अंतर्राष्ट्रीय योग दिवसष के अवसर पर एक व्यापक योग एवं आध्यात्मिक चेतना अभियान का आयोजन कर रहा है। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के पावन आशीर्वाद एवं दूरदर्शी मार्गदर्शन में संचालित यह प्रेरणादायी अभियान मानव कल्याण, समग्र स्वास्थ्य और आत्मिक उत्थान की दिशा में एक सार्थक प्रयास है।सतगुरु माता जी का प्रेरक संदेश . श्स्वस्थ मन, सहज जीवनश इस सत्य को प्रतिपादित करता है कि जीवन की वास्तविक समृद्धि केवल शारीरिक स्वास्थ्य में नहीं, बल्कि मानसिक संतुलन और आध्यात्मिक जागरूकता में निहित है। सतगुरु माता जी के अनुसार मानव शरीर परमात्मा की अनुपम देन है, जिसकी देखभाल और सुदृढ़ता व्यक्ति को अपने आध्यात्मिक, सामाजिक एवं मानवीय उत्तरदायित्वों का श्रेष्ठ निर्वहन करने में सक्षम बनाती है। यह अभियान योग को मात्र शारीरिक व्यायाम न मानकर, आत्मबोध, आंतरिक शांति, मानवीय एकता और विश्वबंधुत्व की भावना को विकसित करने वाली एक समग्र जीवन साधना के रूप में अपनाने का संदेश देता है।इसी प्रेरणास्त्रोत भावना के अंतर्गत संत निरंकारी मिशन द्वारा रविवार, 21 जून 2026 को प्रातः 6रू00 बजे भारतवर्ष के 1500 से अधिक केंद्रों पर एक साथ योग सत्र आयोजित किए जाएंगे। मिशन की विभिन्न शाखाओं में स्थानीय योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में खुले मैदानों एवं पार्कों में आयोजित इन कार्यक्रमों में श्रद्धालु, सेवादल स्वयंसेवक एवं स्थानीय नागरिक उत्साहपूर्वक सहभागी बनेंगे।इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित ष्अंतर्राष्ट्रीय योग दिवसष की थीम ष्स्वस्थ आयु के लिए योगष है। यह संदेश हमें स्मरण कराता है कि वास्तविक स्वास्थ्य केवल रोग मुक्त शरीर का नाम नहीं, बल्कि मानसिक स्थिरता, भावनात्मक परिपक्वता, सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक जागरूकता का समन्वित स्वरूप है। इसी दृष्टिकोण को अपनाते हुए संत निरंकारी मिशन योग को जीवन में संतुलन, सकारात्मकता और आत्मबोध का प्रभावी माध्यम मानकर समाज में जागरूकता का प्रसार कर रहा है।संत निरंकारी मिशन के करनाल जोनल इंचार्ज आदरणीय सतीश हंस जी ने बताया कि वर्ष 2015 से फाउंडेशन द्वारा ष्योग दिवसष का राष्ट्रव्यापी अभियान नियमित रूप से संचालित किया जा रहा है।इसी कड़ी में रेलवे रोड़ स्थित निरंकारी भवन में भी योग शिविर का आयोजन होगा।योग भारत की प्राचीन एवं गौरवशाली धरोहर है, जो केवल शरीर को सशक्त ही नहीं बनाती,बल्कि मन को स्थिरता, विचारों को सकारात्मकता और आत्मा को चेतना प्रदान करती है। इसके नियमित अभ्यास से तनाव एवं जीवनशैली संबंधी चुनौतियों पर नियंत्रण प्राप्त कर

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना को लेकर जागरूकता शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मंडल रोजगार कार्यालय में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के संबंध में शुक्रवार को जागरूकता एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर युवाओं को योजना के उद्देश्य, पात्रता मानदंड, आवेदन प्रक्रिया, चयन प्रक्रिया, इंटर्नशिप अवधि, वित्तीय सहायता तथा योजना के अंतर्गत उपलब्ध अन्य सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

मंडल रोजगार अधिकारी कुसुम ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान युवाओं को प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी गई। योजना का उद्देश्य देश के युवाओं को विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों एवं संस्थानों में व्यावहारिक कायार्नुभव प्रदान कर उनके कौशल एवं रोजगार क्षमता में वृद्धि करना है। उपस्थित अभ्यर्थियों को योजना के लिए निर्धारित पात्रता शर्तों, आयु सीमा, शैक्षणिक योग्यता तथा आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया।

इसके अतिरिक्त युवाओं को ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की चरणबद्ध जानकारी प्रदान की गई तथा आवेदन करते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी मार्गदर्शन दिया गया। चयन प्रक्रिया, इंटर्नशिप के दौरान मिलने वाले लाभ, मासिक वित्तीय सहायता एवं प्रशिक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित युवाओं की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उनके विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए गए तथा उन्हें योजना के संबंध में पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई गई

कर्यक्रम के अंत में युवाओं को प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया।

नई दिल्ली, 20 जून 2026
दैनिक एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com

# सिकल सेल उन्मूलन मिशन भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प : मुख्यमंत्री डॉ. यादव





**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि सिकल सेल रोग केवल स्वास्थ्य की समस्या नहीं, बल्कि विशेष रूप से जनजातीय समाज के सामाजिक और आर्थिक विकास से जुड़ी गंभीर चुनौती है। राज्यपाल पटेल शुक्रवार को खण्डवा जिले के ओंकारेश्वर में विश्व सिकल सेल दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के मुख्य आतिथ्य में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सिकल सेल उन्मूलन को राष्ट्रीय मिशन का स्वरूप दिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा वर्ष 2023 में शहडोल से राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन-2047 का शुभारंभ किया गया। मध्य प्रदेश में इस अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ संचालित किया जा रहा है।

राज्यपाल पटेल ने बताया कि मध्य प्रदेश में अब तक एक करोड़ 32 लाख से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है और लगभग 95 से 96 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। आगामी दो से तीन महीनों में शेष कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। इस अभियान ने जनजातीय क्षेत्रों में बीमारी के प्रति जागरूकता और सतर्कता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में एलोपैथिक उपचार के साथ आयुर्वेदिक दवाओं के उपयोग पर भी कार्य किया जा रहा है और इसके प्रारंभिक परिणाम सकारात्मक रहे हैं। उन्होंने सिकल सेल रोगियों से अपील की कि उपचार में दोनों पद्धतियों का समन्वित उपयोग करें। उन्होंने डिजिटल जेनेटिक कार्ड को विवाह संबंधों के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह जन्म कुंडली की तरह उपयोगी है और विवाह से पूर्व इसका मिलान आवश्यक है। इससे भावी पीढ़ियों को इस आनुवंशिक बीमारी से बचाया जा सकेगा।

**सिकल सेल उन्मूलन मिशन भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प : मुख्यमंत्री डॉ. यादव**
मुख्यमंत्री ने कहा कि आदि शंकराचार्य की तपोभूमि और जननायक टंट्या मामा की कर्मस्थली पर आयोजित यह कार्यक्रम केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन मिशन से जनजागरूकता बढ़ाकर इस गंभीर बीमारी की रोकथाम की दिशा में देश और प्रदेश मिलकर कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अभियान आने वाली पीढ़ियों को सिकल सेल जैसी घातक बीमारी से बचाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि इस बीमारी का प्रभाव केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरा परिवार और कई पीढ़ियां इसकी पीड़ा झेलती हैं। इसलिए इसे रोकना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रपति मुर्मु की उपस्थिति को प्रेरणादायी बताते हुए उनका अभिनंदन किया और कहा कि उनके सान्निध्य में यह संकल्प और अधिक मजबूत हुआ है।

# मुख्यमंत्री योगी ने किया वीरांगना झलकारी बाई की प्रतिमा का अनावरण

**नमन**

**मुख्यमंत्री ने 378 करोड़ की लागत की 126 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास भी किया**



**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को रूदौली विधानसभा क्षेत्र स्थित स्थित माँ कामाख्या धाम में वीरांगना झलकारी बाई की अश्वारोही प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 378 करोड़ की लागत की 126 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा भारत कि अमर वीरांगना को जिसने 1857 के स्वातंत्रय समर में देश की आजादी के लिए फिरंगियों को नाको चने चबाने के लिए मजबूर कर दिया था। ऐसी झलकारी बाई को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर जनता को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रनायकों का सम्मान,वीर व वीरांगनाओं का सम्मान हमें राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा प्रदान करता है। इसी राष्ट्रभक्ति की भावना से प्रेरित होकर डबल इंजन की भाजपा सरकार ने सरकार बनने के बाद महारानी लक्ष्मीबाई, महारानी दुर्गावती,महारानी अवंतीबाई लोधी व वीरांगना झलकारी बाई व वीरांगना ऊदादेवी के नाम से अनेक अभियान प्रारम्भ किए हैं। पीएसी की तीन नई बटालियन, बीरांगना अवंतीबाई लोधी,वीरांगना झलकारी बाई कोरी व वीरांगना ऊदादेवी पासी के नाम से बटालियन गठित की। तीनों बटालियन में केवल बेटियां ही भर्ती होंगी। जहां पर भी पीएसी की बटालियन गठित हो रही हैं वहां पर अश्वारोही प्रतिमा वहां स्थापित होगी। देश की आजादी की लड़ाई में क्रान्तिकारियों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर करते हुए देश की आजादी के लिए समर्पण भाव से काम किया था। इस अवसर पर एमएलसी हरिओम पाण्डेय,भाजपा जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी,भाजपा के जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी,जिला सिंह,विधायक रामचन्द्र यादव,बीकापुर विधायक अमित सिंह चौहान,मिल्कीपुर विधायक चन्द्रभान पासवान,पूर्व विधायक खब्बू तिवारी,पूर्व विधायक अभय सिंह,ब्लाक प्रमुख राजीव तिवारी, भाजपा के जिला महामंत्री राघवेन्द्र पाण्डेय व जिला मंत्री अभिषेक यादव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# सीएम से छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष संजय ने की मुलाकात



**प्रचार-प्रसार**

**सीएम ने दी बधाई, योग के प्रचार-प्रसार, जनजागरूकता के कार्यो के लिए शुभकामनाएं**

**टीम एक्शन इंडिया**
**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से शुक्रवार को राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में छत्तीसगढ़ योग आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री साय ने संजय अग्रवाल को छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं गौरवशाली परंपरा का अभिन्न अंग है, जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने प्रदेश में योग को जन-जन तक पहुंचाने तथा युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों को योग से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया।
मुलाकात के दौरान योग के संवर्धन तथा प्रदेश में योग संबंधी गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने से संबंधित विभिन्न विषयों पर भी चर्चा हुई। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि छत्तीसगढ़ योग आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष अग्रवाल के नेतृत्व में प्रदेश में योग के प्रचार-प्रसार, जनजागरूकता तथा स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के प्रयासों को नई गति मिलेगी।

# योग केवल व्यायाम नहीं, संपूर्ण जीवन पद्धति है: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी





**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि योग भारत की सनातन संस्कृति का वह अमूल्य उपहार है, जिसे हमारे ऋषि-मुनियों ने संपूर्ण मानवता के कल्याण के लिए दिया है। हजारों वर्ष पूर्व प्रारंभ हुई योग की यात्रा आज वैश्विक स्वरूप धारण कर चुकी है। योग केवल शारीरिक अभ्यास नहीं, बल्कि शरीर, मन, आत्मा और समाज को जोडने वाली एक संपूर्ण जीवन पद्धति है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को सिरसा डेरा बाबा भूमणशाह में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित योग अभ्यास कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 21 जून को पूरा विश्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने जा रहा है। इसी क्रम में हरियाणा के विभिन्न जिलों में योग अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज योग अंतरराष्ट्रीय स्वरूप ले चुका है। प्रधानमंत्री के अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया। उस समय 177 देशों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया था और आज विश्व का लगभग हर देश योग से जुड़ चुका है। उन्होंने कहा कि न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर से लेकर पेरिस के एफिल टावर तथा टोक्यो से टोरंटो तक योग के माध्यम से भारत की आध्यात्मिक विरासत को सम्मान मिल रहा है। यह भारत की वह शक्ति है, जो तलवार से नहीं बल्कि तपस्या और संस्कृति के बल पर स्थापित हुई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योगासन को खेल का दर्जा मिला तथा खेलो इंडिया यूथ गेम्स में भी योगासन को शामिल किया गया। प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए संदेश खेलेगा भारत तो खिलेगा भारत और योग की डोज, आधा घंटा रोज आज जन-जन के लिए प्रेरणा स्त्रोत बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार 6500 गांवों में व्यायामशालाएं स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिनमें से 889 का निर्माण पूरा हो चुका है। 859 आयुष योग सहायकों की नियुक्ति की जा चुकी है। प्रदेश के 397 आयुष औषधालयों तथा 109 उप-स्वास्थ्य केंद्रों को आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में अपग्रेड किया गया है।

# पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सीएम भजनलाल को लिखा पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कोटा के न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल और बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में प्रसव के बाद प्रसूताओं की मौत और कई महिलाओं की किडनी फेल होने के मामलों पर गहरी चिंता जताते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को विस्तृत पत्र लिखा है। उन्होंने इन घटनाओं को सरकारी व्यवस्था की ₹संस्थागत विफलता₹ बताते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई और पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने की मांग की है। गहलोत ने बताया कि वे 17 जून को कोटा जाकर अस्पताल में भर्ती महिलाओं और उनके परिजनों से मिले। उन्होंने वहां के हालात को दिल दहलाने वाला बताते हुए कहा कि पीड़ित सभी परिवार बेहद गरीब हैं, जो सरकारी अस्पतालों पर भरोसा करके इलाज के लिए पहुंचे थे, लेकिन उनके भरोसे के साथ क्रूर धोखा हुआ है। पूर्व मुख्यमंत्री के अनुसार, 4 मई से अब तक डेढ़ माह में कोटा के सरकारी अस्पताल में पांच प्रसूताओं की मौत हो चुकी है।

# कृत्रिम जनादेश तैयार करना लोकतंत्र और जनादेश का अपमानः सचिन

**साधा निशाना**

**देश की जनता ने भारतीय जनता पार्टी को सरकार चलाने के लिए बहुमत दिया है : पायलट**



**टीम एक्शन इंडिया**
**जयपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि राजनीतिक एजेंडा पूरा करने के लिए कृत्रिम जनादेश तैयार करने का प्रयास लोकतांत्रिक मूल्यों और जनता के जनादेश का अपमान है। पायलट ने कहा कि देश की जनता ने भारतीय जनता पार्टी को सरकार चलाने के लिए बहुमत दिया है, लेकिन दो-तिहाई बहुमत नहीं दिया। ऐसे में जो जनादेश जनता ने नहीं दिया, उसे राजनीतिक जोड़-तोड़ के माध्यम से कृत्रिम रूप से तैयार करने की कोशिश लोकतंत्र की भावना के विपरीत है। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले जो विधेयक गिर चुका था, उसे दोबारा लाने की कोशिश मैन्युफैक्चर्ड मैंडेट के जरिए की जा रही है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों को तोड़कर, सांसदों को इधर-उधर कर और कृत्रिम बहुमत बनाकर संवैधानिक प्रक्रियाओं को प्रभावित करने का प्रयास देश की जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी। परिसीमन के मुद्दे पर पायलट ने कहा कि इसकी एक निर्धारित संवैधानिक प्रक्रिया है। पहले जनगणना होनी चाहिए, उसके बाद आयोग का गठन किया जाना चाहिए और फिर परिसीमन की प्रक्रिया आगे बढ़नी चाहिए। बिना निर्धारित प्रक्रिया और ठोस आधार के परिसीमन करना केवल राजनीतिक उद्देश्य साधने का प्रयास है।

# रन फॉर योगाः स्वस्थ जीवन और योग जनजागरण का सशक्त अभियानः धामी



**जागरूकता**

**योग के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल**

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में 12 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित रन फॉर योगा कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए कहा कि यह आयोजन केवल एक दौड़ नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन, सकारात्मक सोच और योग को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त अभियान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम योग के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड सदियों से योग, आध्यात्मिक साधना और ऋषि-मुनियों की तपस्थली रही है। यहां की समृद्ध आध्यात्मिक परंपरा और प्राकृतिक वातावरण मानवता को स्वास्थ्य, संतुलन और सकारात्मक जीवन का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा के मध्य सामंजस्य स्थापित करने वाली वैज्ञानिक एवं जीवनोपयोगी पद्धति है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली। वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में उनके प्रस्ताव के बाद 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता प्राप्त हुई और आज विश्व के 190 से अधिक देशों में करोड़ों लोग योग का अभ्यास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते तनाव, अवसाद और विभिन्न स्वास्थ्य चुनौतियों के बीच योग स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। उन्होंने युवाओं से नियमित योग एवं व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वस्थ, ऊर्जावान और अनुशासित युवा ही राज्य एवं देश के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड को योग, आयुर्वेद, वेलनेस और प्राकृतिक चिकित्सा के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। नई योग नीति के माध्यम से योग एवं ध्यान केंद्रों को प्रोत्साहन, योग प्रशिक्षकों को सहयोग और योग एवं वेलनेस आधारित रोजगार के नए अवसर विकसित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने सभी नागरिकों से प्रतिदिन योग अपनाने, स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली विकसित करने, नशामुक्त समाज के निर्माण में योगदान देने और योग के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

# पहले सब मुसलमान हिंदू थे, भगवान राम सबके पुरखे : केशव प्रसाद मौर्य



**टीम एक्शन इंडिया**
**झांसी।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को झांसी दौरे के दौरान भगवान राम, अयोध्या और विपक्षी नेताओं को लेकर कई अहम बयान दिए। शताब्दी एक्सप्रेस से झांसी पहुंचे उपमुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत में कहा कि भगवान श्रीराम केवल हिंदुओं की आस्था के केंद्र नहीं हैं, बल्कि उनका संबंध पूरे भारतीय समाज और संस्कृति से है। उन्होंने कहा कि पहले सब मुसलमान हिंदू ही थे और भगवान राम सबके पुरखे हैं। अयोध्या में भगवान श्रीराम को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि इसमें कोई गलत बात नहीं है। पहले सब मुसलमान हिंदू ही थे। हिंदुओं के पुरखे भगवान श्रीराम थे। आज हिंदू भगवान राम को भगवान के रूप में मानते हैं। दूसरे लोग उन्हें अपने पुरखों के रूप में मानते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान राम भारतीय संस्कृति और सभ्यता के प्रतीक हैं। उनकी विरासत पूरे देश की साझा धरोहर है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या भगवान श्रीरामलला की जन्मभूमि है और दुनिया भर के करोड़ों रामभक्तों की आस्था इससे जुड़ी हुई है।
उन्होंने कहा कि लगभग 500 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ है। यह देश के लिए गौरव का विषय है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रत्येक भारतीय को गर्व होना चाहिए।

# मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने 286 करोड़ की 157 विकास योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास



**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार से रिमोट के माध्यम से नगर विकास एवं आवास विभाग की 286 करोड़ रुपये की लागत वाली 157 महत्वपूर्ण विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 239 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण हुई 114 योजनाओं का उद्घाटन तथा 47 करोड़ रुपये की 43 नई योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के शहरों को आधुनिक, स्वच्छ, सुव्यवस्थित और विश्वस्तरीय बनाने के लिए राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समृद्ध बिहार के संकल्प को साकार करने के लिए शहरी विकास के क्षेत्र में व्यापक स्तर पर योजनाएं लागू की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना देश के सबसे प्राचीन और गौरवशाली शहरों में से एक है। इसकी ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित रखते हुए आधुनिक विकास से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है। शहर के सौंदर्यीकरण, आधारभूत संरचना के विस्तार और नागरिक सुविधाओं को मजबूत बनाने के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। उन्होंने बताया कि अमृत 2.0 योजना के तहत 11.44 करोड़ रुपये की लागत से वेस्ट टू वंडर थीम पर आधारित लोकनायक जयप्रकाश नारायण पार्क का शिलान्यास किया गया है। इस पार्क में लोकनायक जयप्रकाश नारायण के जीवन और योगदान को भी प्रदर्शित किया जाएगा। यह पार्क पर्यावरण संरक्षण और जन-जागरूकता का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। सम्राट चौधरी ने कहा कि शहर को कचरा मुक्त बनाने के लिए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जा रहा है। प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी नमामि गंगे परियोजना के तहत पटना के अधिकाधिक घरों को सीवरेज नेटवर्क से जोड़ने का कार्य तेज गति से चल रहा है। इससे गंगा नदी की स्वच्छता के साथ-साथ शहरी स्वच्छता को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि शहरवासियों को बेहतर बाजार सुविधाएं उपलब्ध कराने और यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने के उद्देश्य से स्थानीय जरूरतों के अनुरूप सब्जी हाट योजना भी लागू की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत रिवर फ्रंट डेवलपमेंट प्रोजेक्ट, जेपी गंगा पथ तथा वन विभाग की ओर से विकसित ग्रीन एरिया, पार्किंग, उद्यान और वॉकिंग पाथ-वे जैसी परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया गया है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से शहर की सुंदरता बढ़ेगी और नागरिकों को बेहतर सार्वजनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पटना स्मार्ट सिटी के तहत आधुनिक डिजाइन की 50 दुकानों का शिलान्यास और 200 प्रीफैब्रिकेटेड दुकानों का उद्घाटन भी किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे छोटे व्यापारियों और उद्यमियों को नए अवसर मिलेंगे तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के साधन विकसित होंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भविष्य की महत्वाकांक्षी योजना का भी उल्लेख किया।

# वरिष्ठ तृणमूल नेता आलोक चक्रवर्ती ने मेयर पद से दिया इस्तीफा



**टीम एक्शन इंडिया**
**सिलीगुड़ी।** सिलीगुड़ी में तृणमूल कांग्रेस को एक और बड़ा झटका लगा है। शुक्रवार को मेयर पद से गौतम देव के इस्तीफे के कुछ ही घंटों बाद अब पार्टी के वरिष्ठ और प्रभावशाली नेता आलोक चक्रवर्ती ने भी तृणमूल कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों के अनुसार, आलोक चक्रवर्ती ने शुक्रवार दोपहर अपना इस्तीफा दार्जिलिंग जिला (समतल) तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष कुंतल रॉय को भेज दिया। कुछ ही घंटों के भीतर पार्टी के दो शीर्ष नेताओं के इस तरह अचानक हटने से सिलीगुड़ी की राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई है। आलोक चक्रवर्ती लंबे समय तक तृणमूल कांग्रेस में राज्य सचिव जैसे महत्वपूर्ण पद पर रहे है। इसके अलावा, उत्तर बंगाल में पार्टी के श्रमिक संगठन की कमान भी लंबे समय तक उनके हाथों में रही है। संगठन में मजबूत पकड़ रखने वाले और अनुभवी नेता के इस फैसले से सिलीगुड़ी में तृणमूल कांग्रेस की जमीनी पकड़ कमजोर हो सकती है।